दा SUMMER न्यूज़
# समर एक्सप्रेस
www.summerexpress.in
सूर्योदय सुबह 6:52 बजे
सूर्यास्त शाम 6:20 बजे
R.N.I NO. CHMUL/25/A1155
● साल-1 ● अंक-176 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-5 रूपये ● सोमवार 2 मार्च 2026 ● चंडीगढ़ ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर ● एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

# लोधी क्लब लॉयंस ने आप एवेंजर्स को 109 रन से हराया

## सनी भल्ला की बल्लेबाजी ने मैच का रूख बदला, 47 गेंदों में 113 रन की धमाकेदार पारी खेली

समर न्यूज़ | लुधियाना




लुधियाना के पीएयू स्टेडियम में खेले गए समर टी 20 कप 2026 के फाइनल मुकाबले में लोधी क्लब लॉयंस ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आप एवेंजर्स को 109 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर आप एवेंजर्स ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यह निर्णय उनके लिए भारी साबित हुआ, क्योंकि लोधी क्लब लॉयंस के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया।


समर टी-20 कप 2026 की ट्रॉफी लेते हुए लोधी क्लब लॉयंस टीम। फोटो लक्की भट्टी। समर न्यूज

लोधी क्लब लॉयंस ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पारी की शुरुआत धीमी रही और टीम को पहला झटका 10 रन के स्कोर पर लगा, लेकिन इसके बाद अनुराग बजाज और सनी भल्ला ने पारी को मजबूती दी। अनुराग बजाज ने 31 गेंदों पर 42 रन बनाए, जिसमें 8 चौके शामिल थे। मैच का असली आकर्षण सनी भल्ला की तूफानी बल्लेबाजी रही। उन्होंने 47 गेंदों में 113 रन की धमाकेदार पारी खेली जिसमें 11 चौके और 8 छक्के जड़े। सनी भल्ला ने 240.43 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। भल्ला ने मध्य ओवरों में तेजी से रन बटोरते हुए विपक्षी गेंदबाजों पर पूरी तरह दबाव में ला दिया। अंतिम ओवरों में वैभव सहगल ने 8 गेंदों पर नाबाद 12 रन और कप्तान राम शर्मा ने 3 गेंदों पर नाबाद 6 रन बनाकर टीम का स्कोर 219 तक पहुंचाया।


उप विजेताआप एवेंजर्स टीम को सम्मानित करते हुए विधायक मदन लाल बग्गा और ग्रुप एडिटर अर्शदीप सिंह समर और अन्य।

220 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आप एवेंजर्स की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने शुरुआती ओवरों में ही महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए। गैबी गेम स्मैशर्स केवल 1 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि चेतन थापर ने 17 गेंदों पर 23 रन की पारी खेली। मनींदर सिंह ने 11 गेंदों पर 22 रन बनाकर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने टीम को संभलने का मौका नहीं दिया। मध्यक्रम पूरी तरह फ्लॉप साबित हुआ। परमवीर, अमन और सनी बड़ी पारी खेलने में असफल रहे।

कप्तान तरसेम ने 35 गेंदों पर नाबाद 19 रन बनाए, लेकिन उनका संघर्ष टीम को जीत नहीं दिला सका। निर्धारित 20 ओवर में आप एवेंजर्स 9 विकेट खोकर सिर्फ 110 रन ही बना सकी। लोधी क्लब लॉयंस की जीत में उनके गेंदबाजों की अहम भूमिका रही। वैभव सहगल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में मात्र 15 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्होंने विपक्षी बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। सनी भल्ला ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए।

कप्तान राम शर्मा ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 7 रन देकर 1 विकेट हासिल किए। फाइनल मुकाबले में लोधी क्लब लॉयंसने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों में शानदार प्रदर्शन किया। सनी भल्ला की शतकीय पारी और वैभव सहगल की धारदार गेंदबाजी ने मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। इस जीत के साथ लोधी क्लब लॉयंस ने समर टी20 कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बारामती प्लेन क्रैश की AAIB रिपोर्ट जारी

दिल्ली| एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने 28 जनवरी को मुंबई-बारामती फ्लाइट में हुए लियरजेट 45 XR क्रैश की 22 पेज की प्राइमरी रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कम विजिबिलिटी के बावजूद एयरक्राफ्ट रनवे पर लैंडिंग के प्रयास में दायीं ओर मुड़ा, पेड़ों से टकराया और जमीन पर गिरकर आग लग गई। इस हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार समेत 5 लोगों की मौत हुई थी। AAIB ने क्रैश साइट के पास के CCTV फुटेज का हवाला देते हुए बताया कि एयरक्राफ्ट लैंडिंग से पहले दायीं ओर मुड़ा और कॉकपिट तथा केबिन पूरी तरह जल गए। पोस्ट-फ्लाइट चेक में प्लेन में कोई तकनीकी गड़बड़ी नहीं मिली थी।

### सीजेआई ने 16 नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स की नींव रखी

दिल्ली| भारत के चीफ जस्टिस, जस्टिस सूर्यकांत ने रविवार को तिरुपति जिले के दमिनेदु में 16 नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स की नींव रखी। CJI ने भूमि पूजन में हिस्सा लिया और फाउंडेशन प्लाक का भी अनावरण किया। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इस इवेंट में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस धीरज सिंह ठाकुर, सुप्रीम कोर्ट के जज पीएस नरसिम्हा, प्रशांत कुमार मिश्रा, एसवी एन भट्टी और जॉयमाल्या बागची भी शामिल हुए।

### एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन द्वारा बचाव कार्य जारी

## नागपुर में विस्फोट: 17 की मौत, 18 घायल

एजेंसी | नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह एक विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री में भीषण धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। यह हादसा कटोल तहसील के राउलगांव में स्थित SBL एनर्जी लिमिटेड की फैक्ट्री में हुआ, जो खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाती है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट company's डिटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच हुआ।

**राहत और बचाव अभियान**

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य जारी है। घायल व्यक्तियों को तुरंत नागपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला कलेक्टर विपिन इतंकर और पुलिस अधीक्षक हर्ष पोदार भी मौके पर मौजूद थे। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि वे जल्द ही आधिकारिक बयान जारी करेंगे।



**महाराष्ट्र सरकार की प्रतिक्रिया**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने इस विस्फोट को 'अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए घटना की पूरी जांच का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन के संपर्क में रहते हुए कहा कि जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

**पीएम मोदी ने जताया दुःख**



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर गहरा दुःख जताया और मृतकों के परिवार को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की। पीएम ने ट्वीट किया, 'महाराष्ट्र के नागपुर में फैक्ट्री में विस्फोट बहुत ही दुःखद है। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं।*

## मोदी-शाह 4 साल से आप के ख़िलाफ़ साजिश रच रहे थे : अरविंद केजरीवाल

समर न्यूज़ | नई दिल्ली| आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को जंतर-मंतर पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए अदालत के हालिया फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले दिल्ली की अदालत ने दिल्ली और देश की जनता के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया। रैली इस फैसले के बाद आयोजित की गई थी, जिसमें केजरीवाल, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को दिल्ली आबकारी पुलिस मामले में बरी किया गया। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ साजिश रच रहे थे। उन्होंने कहा कि अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि मामले में कोई भ्रष्टाचार नहीं था और उन्हें पूरी तरह से बरी किया गया।

## आबकारी नीति मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई 9 को

दिल्ली| दिल्ली आबकारी नीति मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट 9 मार्च को सुनवाई करेगा। एजेंसी ने राउज एवेन्यू के फैसले को चुनौती दी है, जिसमें कोर्ट ने केजरीवाल-सिसोदिया समेत सभी 23 लोगों को आरोपमुक्त किया है। 27 फरवरी को सभी को बरी किया गया था। मामले की सुनवाई जस्टिस जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा की बेंच करेगी।

# इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर किया हमला

## खामेनेई और कई शीर्ष कमांडर्स की मौत, मध्य-पूर्व में तनाव चरम पर

एजेंसी | नई दिल्ली

इजराइल की वायु सेना ने घोषणा की है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त कार्रवाई में पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से अधिक बम गिराए। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला किया गया, जिसमें उनकी बेटी, दामाद, बहू और पोती समेत लगभग 40 कमांडर्स भी मारे गए। हमले के समय खामेनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके मारे जाने की पुष्टि की।

ईरान में खामेनेई की मौत पर 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि देश ने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है। इसके जवाब में ईरानी सेना ने अमेरिकी ठिकानों और मिडिल-ईस्ट के 9 देशों पर जवाबी हमले की तैयारी शुरू कर दी है। हमलों से ईरान में 200 से अधिक लोगों की मौत और 740 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दक्षिणी ईरान के होर्मोजगान प्रांत के मीनाब शहर में स्थित एक प्राइमरी स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हुई और कई अन्य घायल हुए। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस हमले को निर्दोष बच्चों की हत्या करार दिया और कहा कि इसका जवाब दिया जाएगा।

**ईरानी नौसैनिक अड्डों पर हमले**

ईरानी नौसैनिक अड्डों पर भी इजराइली हमले किए गए। बीबीसी वेरीफाई के अनुसार ओमान की खाड़ी में स्थित कोनारक ईरानी नौसैनिक अड्डे पर हमला हुआ, जिसमें वहां खड़े जहाज से काले धुएं का घना स्तंभ उठता देखा गया। यह अड्डा ईरान के चार प्रमुख नौसैनिक अड्डों में से एक है और इसके पास एक सैन्य हवाई अड्डा भी स्थित है।

**खामेनेई के दफ्तर की तस्वीर**






**ईरान का पलटवार, ड्रोन और मिसाइल हमले**

*ईरान ने अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में इजराइल समेत मध्य-पूर्व के 9 देशों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। ईरान ने इजराइल पर लगभग 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब और UAE में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। दुबई में पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमले किए गए, जबकि बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को भी निशाना बनाया गया। पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने खामेनेई की मौत के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन किया। इजराइल-अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 10 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। कई युवक घायल भी हैं।*

हमले में ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नसीरजादेह और सेना प्रमुख अब्दुल रहीम मौसवी भी मारे गए। पहले ही पुष्टि हो चुकी थी कि सुप्रीम लीडर खामेनेई, उनके सुरक्षा सलाहकार अली शामखानी और IRGC प्रमुख मोहम्मद पकपोर इस हमले में मारे गए। ईरान के संविधान के आर्टिकल 111 के अनुसार, नया सुप्रीम लीडर चुनने तक एक अस्थायी परिषद देश की जिम्मेदारी संभालती है, जिसमें राष्ट्रपति मसूद पजशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम-हुसैन मोहसनी-एजेई और गार्जियन काउंसिल का एक धर्मगुरु शामिल होते हैं। ईरान-इजराइल के बीच तनाव के कई कारण हैं।

अमेरिका को संदेह है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित कर सकता है, जबकि ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल वैज्ञानिक रिसर्च और बिजली उत्पादन के लिए है। बैलिस्टिक मिसाइलों के मुद्दे पर ईरान किसी समझौते के लिए तैयार नहीं है। अमेरिका और इजराइल, दोनों ईरान के खिलाफ प्रतिबंध और सैन्य उपायों में लगे हुए हैं।

**पेज 1 एंकर स्टोरी**

### अगर लड़ाई लंबी चली तो रूस की तरफ हो सकता है झुकाव

# ईरान-इजराइल युद्ध के बीच भारत के लिए तेल आपूर्ति सुरक्षित

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया कि इस्लामिक रिपब्लिक ने अमेरिका और इज़राइल के मिसाइल हमलों के जवाब में हॉर्मुज जलसंधि को बंद कर दिया है। यह मार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा चोकपॉइंट्स में से एक है, जिससे वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है।

**भारत में आपूर्ति पर अल्पकालीन प्रभाव नहीं**

भारत के अधिकारियों के अनुसार, देश के पास कम से कम 10 दिनों की क्रूड तेल और 5-7 दिनों की ईंधन आपूर्ति सुरक्षित रूप से मौजूद है, इसलिए हॉर्मुज के बंद होने से निकट भविष्य में किसी बड़े संकट की संभावना नहीं है। भारतीय रिफाइनरियों में 10-15 दिन का क्रूड स्टॉक और सभी ईंधन टैंकों में भरपूर क्षमता उपलब्ध है।



दीर्घकालीन बंद होने पर विकल्प अगर हॉर्मुज का बंद लंबे समय तक चलता है, तो भारत अपने तेल आयात को विविध स्रोतों से पूरा कर सकता है। इसमें रूस से तेल की खरीद को पुनः बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है। रूस से तेल आने में कम से कम एक माह का समय लगता है, जबकि मध्य-पूर्व से शिपिंग में केवल 5 दिन का समय लगता है।

जहां क्रूड आपूर्ति सुरक्षित है, वहीं एलएनजी और एलपीजी आपूर्ति हॉर्मुज मार्ग पर अधिक निर्भर है। एलएनजी का अधिकांश आयात दीर्घकालीन कॉन्ट्रैक्ट के तहत होता है, जिससे शॉर्ट टर्म विकल्प सीमित हैं। एलपीजी भी लगभग पूरी तरह से इस मार्ग पर निर्भर है। लंबी बंदी की स्थिति में इन ईंधनों की कीमतें बढ़ सकती हैं।

**तेल की कीमतों पर असर**

भारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतें 2026 की शुरुआत से लगभग 16 प्रतिशत बढ़कर 73 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच गई हैं। यदि आपूर्ति बाधित होती है, तो कीमतें 80 डॉलर तक जा सकती हैं।

**विविध स्रोत और रणनीति**

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की रणनीति में विविध स्रोत, रूस से विकल्प, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार और व्यावसायिक स्टॉक्स शामिल हैं, जो दीर्घकालीन आपूर्ति संकट की संभावना को काफी हद तक कम करते हैं। निकट-भविष्य में सबसे बड़ी चुनौती कीमतों में अस्थिरता और आर्थिक प्रभाव हो सकती है, न कि आपूर्ति की कमी। अभी तक भारत की क्रूड, एलएनजी और एलपीजी आपूर्ति सुरक्षित है। सरकार और रिफाइनरियाँ लगातार स्थिति पर नजर रख रही हैं और संभावित संकट के लिए योजना बना रही हैं। अगर हॉर्मुज जलसंधि का बंद अस्थायी रहा, तो तेल और गैस आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी, लेकिन दीर्घकालीन संकट की स्थिति में रूस और अन्य वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है। यह रिपोर्ट भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हॉर्मुज मार्ग पर निर्भरता पर प्रकाश डालती है, साथ ही तेल कीमतों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर संभावित असर को भी रेखांकित करती है।

### यात्री 24 घंटे से अधिक समय से एयरपोर्ट पर फंसे

# एयरस्पेस बंद, 900 एयरलाइन उड़ानें रद्द

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

मध्य-पूर्व में हुए हमलों के बाद UAE से इज़राइल तक का एयरस्पेस पूरी तरह बंद हो गया, जिससे दुनिया के सबसे व्यस्त ईस्ट-वेस्ट फ्लाइट कॉरिडोर पर भारी असर पड़ा। दुबई एयरपोर्ट बंद हो गया, सैकड़ों उड़ानें रद्द हुईं और भारतीय एयरलाइंस को इस क्षेत्र में अपनी सेवाएं रोकनी पड़ीं। नागरिक हवाई उड़ानों के लिए गंभीर जोखिम की चेतावनी के कारण एयरस्पेस बंद किया गया। भारतीय एयरलाइंस ने मार्च 2 तक क्षेत्र के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दीं। एयर इंडिया ने तेल अवीव में फंसे अपने कर्मचारियों को निकालने की कार्रवाई शुरू की। मुंबई एयरपोर्ट पर कुल 57 उड़ानें रद्द हुईं, जिनमें 24 आगमन



और 33 प्रस्थान शामिल थे। इनमें इंडिगो की मुंबई-लंदन फ्लाइट भी शामिल थी। टिकटों की कीमतों में तेजी आई, और 1 मार्च के लिए लंदन की एक तरफ की टिकट की कीमत 1.4 लाख रुपये तक पहुंच गई। डेटा के अनुसार, मध्य-पूर्व की लगभग 900 एयरलाइन उड़ानें रद्द की गईं, जिनमें प्रमुख रूप से एमिरेट्स ग्रुप, कतर एयरवेज और एतिहाद शामिल हैं।

एयर इंडिया ने दिल्ली, मुंबई और अमृतसर से लंदन, न्यूयॉर्क, न्यूआर्क, शिकागो, टोरंटो, फ्रैंकफर्ट और पेरिस के लिए कई लंबी दूरी की उड़ानें रद्द कर दीं। इंडिगो ने वेस्ट एशिया और अन्य अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों के लिए उड़ानें रोक दीं। एमिरेट्स ने दुबई के लिए अपनी उड़ानें अस्थायी रूप से बंद कर दीं। एयरलाइंस ने पायलटों को GPS स्पूफिंग और जैमिंग की चेतावनी दी। भारतीय एयरलाइंस के लिए पाकिस्तान के पश्चिम से इराक तक का एयरस्पेस बंद कर दिया गया। एयर इंडिया ने पाकिस्तानी एयरस्पेस से बचने के लिए चीन के होतान वेपॉइंट का उपयोग करने की मंजूरी मांगी, जो अभी लंबित है। प्रमुख हवाई अड्डों को डायवर्जन और अनस्लेटेड लैंडिंग के लिए अलर्ट पर रखा गया, लेकिन मुंबई एयरपोर्ट ने पार्किंग बेज भर जाने के कारण अधिक डायवर्जन स्वीकार करना बंद कर दिया।

# पीएम मोदी ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में 7,100 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया

## इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे और रेडियो नेटवर्क में बड़े विकास कार्यों का शुभारंभ

एजेंसी | मदुरै




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को तमिलनाडु के मदुरै पहुंचे, जहां उन्होंने 4,400 करोड़ रुपए से अधिक की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने तमिलनाडु में आठ नए अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी किया और चेन्नई में एग्मोर चौथी लाइन को देश को समर्पित किया।

पीएम मोदी ने NH-332A के मरक्कनम-पुडुचेरी सेक्शन और NH-87 के परमकुडी-रामनाथपुरम सेक्शन की फोर-लेनिंग की आधारशिला भी रखी। इसके अलावा कुंभकोणम, येरकॉड और वेल्लोर में तीन नए आकाशवाणी FM रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। पुडुचेरी में उन्होंने पहले 2,700 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी।

मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम करती हैं तो विकास तेजी से होता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस और DMK ने पुडुचेरी और तमिलनाडु में विकास में बाधा डाली, लेकिन अब केंद्र और राज्य की सहयोगी सरकारें तेजी से काम कर रही हैं।

उन्होंने तमिलनाडु के उद्योगों और रेलवे में हुए ऐतिहासिक बदलावों का जिक्र किया। पिछले दशक में रेलवे बजट आवंटन लगभग नौ गुना बढ़ा है। 2009-14 में 880 करोड़ रुपये का औसत वार्षिक आवंटन था, जो 2026-27 में बढ़कर 7,600 करोड़ रुपये हो गया। मोदी ने कहा कि नए अमृत भारत स्टेशनों और आकाशवाणी रेडियो ट्रांसमीटर से राज्य की कनेक्टिविटी और जनसुविधाएं बेहतर होंगी।

प्रधानमंत्री ने पांबन ब्रिज का भी उल्लेख किया, जिसे उन्होंने पर्यटन स्थल और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि मदुरै में 4,400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देगा, रोजगार सृजित करेगा और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएगा।

मोदी ने यह भी कहा कि बेहतर सड़कें किसानों को बाजारों तक पहुँचाएंगी, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए यात्रा सुगम होगी और व्यापारियों के लिए तेज परिवहन सुनिश्चित होगा। उन्होंने मदुरै आकर गर्व महसूस होने की बात भी कही और परियोजनाओं को राज्य और देश के विकास के लिए समर्पित किया।

# शारजाह-इंदौर फ्लाइट्स रद्द, मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक समेत सैकड़ों यात्री फंसे

समर न्यूज़ | इंदौर (मध्य प्रदेश)



ईरान पर इजराइल और अमेरिका की स्ट्राइक के बाद दुबई की मशहूर और दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला हुआ। इसके तुरंत बाद दुबई समेत पूरे यूएई के एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया और यहां से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दी गईं। इस कारण इजराइल-ईरान तनाव का असर मध्य प्रदेश के यात्रियों पर भी पड़ा। शारजाह से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-256 रद्द हो गई है। इसके अलावा कल की फ्लाइट IX-255 (इंदौर–शारजाह) और IX-256 (शारजाह–इंदौर) भी कैंसिल कर दी गईं।

**मध्य प्रदेश के यात्री एयरपोर्ट पर फंसे**

सूचना के मुताबिक, शारजाह से इंदौर के लिए निर्धारित फ्लाइट दोपहर 12:20 बजे निकलने वाली थी, लेकिन आखिरी समय में रद्द कर दी गई। कई यात्री पहले ही दुबई और शारजाह पहुंच चुके थे और कनेक्टिंग फ्लाइट्स के माध्यम से इंदौर लौटने की तैयारी में थे। इनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित कई जिलों के लोग शामिल हैं। बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे भी फंसे हुए हैं।

**शादी समारोह में गए नेता और उद्योगपति भी प्रभावित**

दुबई में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए इंदौर के कई नेता, उद्योगपति और व्यवसायी भी एयरपोर्ट पर फंसे हैं। इनमें पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, सहारा ग्रुप के मनीष सहारा, अग्रवाल समूह के संजय अग्रवाल, C-21 मॉल के मालिक पिंटू छाबड़ा और गोलू पाटनी शामिल हैं। पूर्व MLA संजय शुक्ला ने बताया कि सभी सुरक्षित हैं और रहने की जगह पर हालात सामान्य हैं।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों को टिकट का पूरा रिफंड या बाद की तारीख में रीबुकिंग का विकल्प देने की बात कही है। हालांकि वैकल्पिक उड़ानों की संख्या सीमित होने के कारण तत्काल राहत नहीं मिल पा रही। कई यात्रियों ने बताया कि वे आठ घंटे से अधिक समय से एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे हैं और खाने-पीने की दिक्कत का सामना कर रहे हैं।

# अमृतसर बायपास पर टिप्पर पलटा, 2 की मौत

## क्रेन की मदद से फंसे वाहन निकाले, घायल अस्पताल में भर्ती

समर न्यूज़ | अमृतसर



अमृतसर के वेरका क्षेत्र में रविवार सुबह एक रेत से भरा टिप्पर बायपास पर पलट गया, जिसमें तीन कारें नीचे दब गईं। हादसे में कम से कम दो लोगों की मौत होने की आशंका है, जबकि पांच से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

साक्षियों के अनुसार, टिप्पर का नियंत्रण अचानक खो गया और यह फुटपाथ पर जाकर पलट गया। इसके कारण क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि प्रभावित वाहनों में परिवार, बच्चे और महिलाएं भी यात्रा कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए हाथ बढ़ाया और पुलिस के साथ मिलकर बचाव अभियान में हिस्सा लिया।

पुलिस और राहत दलों ने क्रेन और अन्य उपकरणों की मदद से ट्रक और उसके नीचे फंसी कारों को बाहर निकाला। घायल लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अतिरिक्त डीसीपी (ट्रैफिक) अमनदीप कौर ने कहा, "हमारी प्राथमिकता घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाना और बायपास पर ट्रैफिक को नियंत्रित करना थी। हादसे के कारण अमृतसर बायपास पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया और कई किलोमीटर तक वाहन फंसे रहे। पुलिस ने कहा कि मृतकों की संपूर्ण संख्या की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है और मामले की जांच जारी है। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भारी वाहनों को नियंत्रित गति से चलाना चाहिए, विशेषकर बायपास जैसे व्यस्त मार्गों पर। हादसे के कारण क्षेत्र में अफरा-तफरी के बीच राहत और बचाव कार्य जारी हैं। इस घटना ने वाहन सुरक्षा और सड़क हादसों पर चेतावनी की आवश्यकता को दोबारा उजागर किया है।

# जम्मू-कश्मीर में 4.2 मैग्नीट्यूड का भूकंप

एजेंसी | जम्मू-कश्मीर

रविवार सुबह जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में 4.2 मैग्नीट्यूड का भूकंप आया। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, भूकंप का झटका स्थानीय समय के अनुसार सुबह 01:25 बजे महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र धरती की सतह से लगभग पांच किलोमीटर गहराई में था। अधिकारियों ने बताया कि इस भूकंप से अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं आई है। स्थानीय लोग झटके महसूस कर घबराए, लेकिन किसी भी प्रकार की आपात स्थिति दर्ज नहीं हुई। भूकंप के तुरंत बाद क्षेत्र में प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम सतर्क हो गए और स्थिति का आकलन किया। मौसम विभाग ने कहा कि डोडा और आसपास के क्षेत्रों में हल्के झटके महसूस किए गए, जो अपेक्षित सीमा में हैं।

# मुख्यमंत्री धामी ने 147 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

## इन परियोजनाओं से जिले का विकास तेजी से आगे बढ़ेगाः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

एजेंसी | हल्द्वानी



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 147 करोड़ 28.56 लाख की 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

जिसमें 72 करोड़ 38 लाख की लागत से 23 योजनाओं का लोकार्पण तथा 74 करोड 90 लाख 56 हजार की लागत से 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं से नैनीताल जिला विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विकसित उत्तराखंड बनाने की ओर तीव्रता से कार्य कर रही है। राज्य प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ विरासत को भी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा एकमात्र लक्ष्य उत्तराखंड को आगे बढ़ाना है, जिस पर हम संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल-विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति, विरासत और पवित्रता से किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शिप्रा नदी में 30 मीटर स्पान के मोटर पुल, राजकीय औद्योगिक संस्थान हल्द्वानी में टैक्नोलॉजी लैब, कोटाबाग में नलकूप निर्माण, महादेवपुरम व झलुवाझाला नलकूप, बेलपोखरा नलकूप तथा बैलपडाव में सिंचाई नलकूप का लोकार्पण के साथ-साथ महिला महाविद्यालय में लैब निर्माण, लालकुआ में नलकूपों पर स्टैबलाइज़र एवं जलजीवन मिशन के अंतर्गत 14 पेयजल योजनाओं- हरिपुर लच्छी, कालूपुर पोखरिया, जीतपुर रैक्वाल, देवलातल्ला, भवानसिंह नवाड़, बसन्तपुर, किशनपुर रैक्वाल, चोरगलिया आमखेड़ा, जयराम परमा, हल्दूचौड़ जग्गी, भवानीपुर कृष्णा, पाडलीपुर, भगवानपुर दुर्गापुर, बकुटिया पेयजल योजना- के साथ-साथ पशु चिकित्सालय रामगढ़ में भवन निर्माण सहित 23 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अनुपालन में विशेष योजनांतर्गत सहायता (एसपीए) कार्यक्रम में स्वीकृत हल्द्वानी-काठगोदाम श्रोत एवं ट्रीटमेन्ट संवर्धन पेयजल योजना कार्य, जिसकी लागत कुल 15443 लाख रुपये है, का भी भूमि पूजन किया गया।

# मोगा में सड़क हादसे में 27 वर्षीय पाटवारी अनीश गोयल की मौत



समर न्यूज़ | मोगा

मोगा जिले के निहाल सिंह वाला से दुखद खबर आई है, जहां एक सड़क हादसे में तैनात पाटवारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बीती रात मोगा-बरनाला नेशनल हाईवे पर पिंड बिलासपुर के बाईपास के पास तेज रफ्तार कार खंभे से टकरा गई।

हादसे में 27 वर्षीय पाटवारी अनीश गोयल की मौके पर ही मौत हो गई। वह तहसील निहाल सिंह वाला के पिंड नंगल में तैनात थे और रात को अपने दोस्त की शादी की पार्टी से घर बरनाला लौट रहे थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी बिलासपुर के इंचार्ज जस्वंत सिंह सरां के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने 174 की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाया और वारिसों को सौंप दिया। हादसे ने स्थानीय लोगों में शोक और सुरक्षा पर चिंता बढ़ा दी है।

# सुरजीत सिंह बने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग के प्रदेश संयोजक

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



पंजाब की राजनीति में संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने सुरजीत सिंह को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। विभिन्न जिलों से पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का स्वागत किया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि सुरजीत सिंह लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित रहे हैं और जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। उन्होंने दलित वर्ग और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया है। उनके अनुभव, संगठनात्मक कौशल और स्पष्ट दृष्टिकोण को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। नेताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में एससी विभाग को नई दिशा, ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एससी विभाग) के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम, पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग तथा पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एससी विभाग) के चेयरमैन कुलदीप सिंह वेद (सेवानिवृत्त आईएएस) सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि सुरजीत सिंह के नेतृत्व में दलित समुदाय के अधिकारों, सामाजिक न्याय और संगठनात्मक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# तरनतारन में पाक से हथियार मंगाते 3 युवक गिरफ्तार



समर न्यूज़ | तरनतारन

तरनतारन जिले के सीमावर्ती इलाके में सुरक्षा एजेंसियों को ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी रोकने में बड़ी सफलता मिली है। सीमा सुरक्षा बल और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने खेमकरण हल्का के गांव मारी मेघा के खेतों से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, ये युवक पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिये भेजी गई पिस्तौल लेने के लिए खेतों में पहुंचे थे। सुरक्षा एजेंसियों को इस गतिविधि के बारे में पहले ही सूचना मिल गई थी। सूचना के आधार पर खालरा थाने की पुलिस और BSF ने इलाके में नाकाबंदी कर दी थी। तलाशी अभियान के दौरान, गिरफ्तार किए गए युवकों के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और उनके मंसूबों का पता लगाना है। गौरतलब है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन की बढ़ती गतिविधियों के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी है।

# ट्रक से टकराई यात्री बस, 3 की मौत

एजेंसी | पटना

बिहार के कैमूर जिले में एक भयानक सड़क हादसा हुआ, जिसमें जमशेदपुर से वाराणसी जा रही यात्री बस और एक ट्रक की आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो की पहचान हो चुकी है—वाराणसी के चिताईपुर थाना क्षेत्र की 9 वर्षीय दीक्षित कुमारि और भुलनपुर की आभा रानी। तीसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। बस में लगभग 70-75 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस पूरी तरह चकनाचूर हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार यह हादसा सुबह लगभग 4:30 बजे हुआ। बस मोहनिया की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रहा एक ट्रक अचानक डिवाइडर पार कर गया और बस से जा टकराया। बस ड्राइवर ने सभी प्रयास किए, लेकिन हादसे को टालना संभव नहीं हो सका। हादसे में 12 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

**कैंप** एमजीसीपा में 40 युवा उद्यमियों के लिए दो दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप कैंप

# आईटीआई-पॉलिटेक्निक छात्रों को बनाया जा रहा है रोजगार सृजक

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



भगवंत मान सरकार ने राज्य के युवाओं को पारंपरिक नौकरी खोजने वाले मॉडल से आगे बढ़ाकर उन्हें रोजगार सृजक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी सोच के तहत पंजाब सरकार ने राज्यभर के सरकारी आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों से चयनित 40 संभावनाशील युवा उद्यमियों के लिए महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (एमजीसीपा), चंडीगढ़ में पहला दो-दिवसीय आवासीय स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप बूटकैंप आयोजित किया।

यह पहल केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक त्रैमासिक श्रृंखला की शुरुआत है, जिसका उद्देश्य तकनीकी शिक्षा को सीधे व्यापार वृद्धि, आय सृजन और स्थानीय रोजगार अवसरों से जोड़ना है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के 322 आईटीआई और 91 पॉलिटेक्निक संस्थानों में उद्यमिता आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिनमें 137 सरकारी आईटीआई और 26 सरकारी पॉलिटेक्निक शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य है कि विद्यार्थी केवल प्रमाणपत्र तक सीमित न रहें, बल्कि व्यावहारिक व्यावसायिक विचार विकसित कर आत्मनिर्भर बनें।

इस समय पंजाब में 36,139 विद्यार्थी (28,967 आईटीआई और 7,172 पॉलिटेक्निक से) डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सक्रिय रूप से अपने व्यावसायिक विचारों पर काम कर रहे हैं। वे ग्राहकों की समस्याओं की पहचान, उत्पाद और सेवाओं की डिजाइनिंग, प्रोटोटाइप निर्माण, बाजार परीक्षण और राजस्व अर्जन की दिशा में कार्यरत हैं।

पहले बूटकैंप के लिए 40 छात्र-नेतृत्व वाले उद्यमों का चयन किया गया, जो खुदरा, पेशेवर सेवाएं, ई-कॉमर्स, डिजिटल प्लेटफॉर्म, इंजीनियरिंग सेवाएं, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं। चयन प्रक्रिया में कोर्स पूर्णता, असाइनमेंट की गुणवत्ता, व्यावसायिक विचार की स्पष्टता, ग्राहक पहुंच, प्रोटोटाइप और आय सृजन को आधार बनाया गया। ये प्रतिभागी अमृतसर, गुरदासपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, लुधियाना, बठिंडा, रूपनगर और एस.ए.एस. नगर सहित पूरे पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इस पहल का सकारात्मक परिणाम पहले ही सामने आने लगा है। कई युवा उद्यमी प्रति माह 5,000 से 12,000 रुपये तक कमा रहे हैं। मुक्तसर का एक छात्र मशरूम उत्पादन कर स्थानीय बाजारों में आपूर्ति कर रहा है, बठिंडा का एक छात्र जैविक स्किनकेयर उत्पाद बनाकर डिजिटल माध्यम से बेच रहा है, मोहाली की एक छात्रा नेल स्टूडियो चला रही है, जबकि लुधियाना का विद्यार्थी एसी मरम्मत सेवा संचालित कर रहा है। दो दिवसीय बूटकैंप में बिजनेस मॉडल कैनवस, बाजार रणनीति, ग्राहक अधिग्रहण, मूल्य निर्धारण और वित्तीय व्यवहार्यता पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का समापन छात्र उद्यम प्रदर्शनी के साथ हुआ, जहां प्रतिभागियों ने अपने स्टार्टअप प्रस्तुत किए।

इनोवेशन मिशन पंजाब के सहयोग से आयोजित इस पहल के माध्यम से सरकार तकनीकी शिक्षा को आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन का मजबूत आधार बना रही है, जिससे राज्य में आर्थिक विकास को नई दिशा मिल रही है।

# एआईबीओसी ने महिला सम्मेलन का किया आयोजन

## ट्रेड यूनियन गतिविधियों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर जोर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी) ने अपना तृतीय राष्ट्रीय महिला सम्मेलन एसडीकेएस भवन, पटियाला में आयोजित किया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ट्रेड यूनियन गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और "नारी शक्ति" को संगठित कर आंदोलन को और सशक्त बनाना था। देशभर से 300 से अधिक महिला प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन एआईबीओसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉम. आर. शेखरन और महासचिव कॉम. रूपम रॉय ने किया। इस अवसर पर पद्मश्री सुश्री सुनीता रानी (एसएसपी), महिला अधिकार कार्यकर्ता डॉ. हर्षिंदर कौर तथा राष्ट्रीय लोक अदालत की सदस्य डॉ. मंजू अरोड़ा भी मौजूद रहीं।

कॉम. रूपम रॉय ने अपने संबोधन में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की महिला कर्मचारियों ने राष्ट्रीय मूल्यों की रक्षा और नागरिकों की सेवा में अहम योगदान दिया है। कोविड काल सहित विभिन्न चुनौतियों के दौरान भी उन्होंने बैंकिंग सेवाओं को निर्बाध रूप से जारी रखा। उन्होंने नीति-निर्माताओं से कर्मचारियों की उचित मांगों पर ध्यान देने और उनके कल्याण को सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

कॉम. आर. शेखरन ने बैंकों में महिला सशक्तिकरण को स्पष्ट रूप से उभरता हुआ बताया। डॉ. हर्षिंदर कौर ने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अपने संघर्ष पर प्रकाश डाला, जबकि सुनीता रानी ने कार्यस्थल और साइबर सुरक्षा पर जोर दिया। सम्मेलन में महिला किसानों, स्वयं सहायता समूहों की नेताओं और विशेष बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

# डिजिटल होगी जनगणना 2027; मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल से होगी, 32 लाख कर्मी होंगे तैनात

## दो चरणों में संपन्न होगी जनगणना, 11,718 करोड़ रुपये के बजट को कैबिनेट की मंजूरी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली




जनगणना 2027 को पूरी तरह डिजिटल तरीके से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में इसके केंद्र में जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली नाम का डिजिटल पोर्टल होगा।

रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बताया है कि जनगणना 2027 की गतिविधियों को वास्तविक समय के आधार पर पर ट्रैक करने के लिए एक सेंसस मैनेजमेंट और मॉनिटरिंग सिस्टम जनगणना प्रबंधन और निगरानी प्रणाली बनाया गया है।

भारत के रजिस्ट्रार जनरल मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे एक सर्कुलर में कहा कि, आने वाली जनगणना 2027 में डेटा संग्रह और उसे बांटने की क्वालिटी, कुशलता और समय पर काम करने को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि, आने वाली जनगणना में, डेटा डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा, जो जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा और बदलाव लाने वाला कदम होगा। डेटा कलेक्शन के काम के लिए कम से कम 32 लाख फील्ड कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा।

डिजिटल फॉर्मेट डिजिटल प्रारूप पारंपरिक कागज पर आधारित तरीकों की जगह लेगा, जिसमें पूरे प्रक्रिया का प्रबंधन करने के लिए हैंडहेल्ड डिवाइस, जियो-टैगिंग और एक सेंट्रलाइज्ड वेब प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल होगा । सीएमएमएस सिस्टम में एक वेब-बेस्ड मैपिंग एप्लिकेशन शामिल है जो हाउसलिस्टिंग ब्लॉक और एन्यूमरेशन ब्लॉक की सटीक जियो-टैगिंग की अनुमति देता है, जिससे डेटा ओवरलैप और चूक कम हो जाती है।

जनगणना ऑपरेशन से वाकिफ सूत्रों ने ईटीवी भारत को बताया कि सटीक डेटा कलेक्शन के लिए 6 लाख से ज्यादा इंटीग्रेटेड जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम मैप जिला/उप-जिला/गांव स्तर के पहले ही CMMS पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पहले संसद में कहा था कि जनगणना 2027 डिजिटल तरीके से की जाएगी। नित्यानंद राय ने कहा था कि, मोबाइल ऐप के जरिए डेटा इकट्ठा किया जाएगा और खुद से गिनती करने के लिए ऑनलाइन इंतजाम भी होगा। इस पूरे प्रक्रिया को एक वेब पोर्टल के जरिए निगरानी किया जाएगा।

जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी और इसके प्रथम चरण में घर सूचीकरण और आवास जनगणना अप्रैल से सितंबर, 2026 तक 30 दिनों की अवधि में राज्य और केंद्रशासित प्रदेश सरकारों की सुविधा के अनुसार होगी। उसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या गणना (पीई) होगी। एक अधिकारी ने कहा कि आबादी की गिनती फरवरी 2027 में की जाएगी। उन्होंने बताया कि, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और साथ ही हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके दुर्गम क्षेत्र में आबादी की गिनती सितंबर, 2026 में की जाएगी।

**▪ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सहयोग करने को कहा गया**

हाल ही में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, राज्य जनगणना नोडल अधिकारियों, गृह मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों और जनगणना ऑपरेशन के डायरेक्टरों की एक बैठक में, गृह सचिव गोविंद मोहन ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जनगणना से जुड़ी गतिविधियों की नियमित निगरानी और रेगुलर मॉनिटरिंग और समीक्षा करने के लिए सहयोग मांगा। गृह सचिव ने भारत में जनगणना की लंबी और समृद्ध परंपरा पर जोर दिया, साथ ही जनगणना 2027 के सफल आयोजन में राज्य और केंद्रशासित सरकारों की अहम भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से जनगणना अधिकारियों की समय पर नियुक्ति और ट्रेनिंग, नोटिफिकेशन को दोबारा पब्लिश करने, 31-03-2027 तक किसी भी अधिकार क्षेत्र में बदलाव से बचने, स्व-गणना सहित डिजिटल टूल्स का असरदार इस्तेमाल करने और जनगणना 2027 के पूरे लक्ष्यों को पाने के लिए लोगों में जागरूकता, भरोसा और भागीदारी बढ़ाने के लिए एक खास प्रचार और संचार तरीका अपनाने का आग्रह किया।

**▪ जनगणना कार्य के लिए टेक्निकल मैनपावर**

कैबिनेट के एक बयान में कहा गया है कि जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक करने के लिए अलग-अलग कामों को पूरा करने के लिए, स्थानीय स्तर पर लगभग 550 दिनों के लिए लगभग 18,600 तकनीकी जनशक्ति को लगाया जाएगा। बयान में कहा गया है, इससे लगभग 1.02 करोड़ मैन-डे का रोजगार पैदा होगा। इसके अलावा, चार्ज, जिला, राज्य स्तर पर टेक्निकल मैनपावर देने से क्षमता निर्माण होगा। वह इसलिए क्योंकि काम का नेचर डिजिटल डेटा हैंडलिंग, निगरानी और समन्वय से जुड़ा होगा। इससे इन लोगों के भविष्य में रोजगार की संभावनाओं में भी मदद मिलेगी।

**▪ जनगणना कार्य के लिए वित्तीय आवंटन** – केंद्रीय कैबिनेट ने 11,718.24 करोड़ रुपये की लागत से भारत की जनगणना 2027 कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

दुनिया की सबसे बड़ी सबसे बड़ा प्रशासनिक और सांख्यिकीय अभ्यास होने के नाते, भारत की जनगणना दो फेज में की जाएगी। हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस, अप्रैल से सितंबर, 2026 और जनसंख्या गणना फरवरी 2027 लद्दाख और जम्मू और कश्मीर के बर्फ से ढके इलाकों और हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के लिए, जनसंख्या गणना सितंबर, 2026 में की जाएगी।

### जनगणना में जाति की गिनती

जनगणना 2027 में जाति की गिनती को भी शामिल किया गया है। एक सरकारी नोट में कहा गया है, "हमारे देश में बहुत ज़्यादा सामाजिक और डेमोग्राफिक विविधता और उससे जुड़ी चुनौतियों को देखते हुए, जनगणना 2027 के दूसरे फेज, यानी जनसंख्या गणना (पॉपुलेशन एन्यूमरेशन-PE) में जाति का डेटा भी इलेक्ट्रॉनिक तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। इस काम के लिए लगभग 30 लाख फील्ड कर्मचारी, जिनमें एन्यूमरेटर, सुपरवाइजर, मास्टर ट्रेनर, चार्ज अधिकारी और प्रिंसिपल, जिला जनगणना अधिकारी शामिल हैं, को जनगणना के कामों के डेटा कलेक्शन, निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए तैनात किया जाएगा।

### पिछली जनगणना को एक किताब के रूप में इकट्ठा करके प्रकाशित किया गया

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 1981 से अब तक की सभी जनगणनाओं का इतिहास एक किताब के रूप में इकट्ठा करके प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार जनगणना इलेक्ट्रॉनिक तरीके से करेगी, जिसमें हर व्यक्ति को डेटा भरने का अधिकार होगा।

शाह ने कहा कि, जनगणना देश के विकास का रास्ता तय करने की प्रक्रिया है, इसके लिए यह जरूरी है कि SRS अपग्रेडेड मोबाइल ऐप जियोफेंसिंग के साथ एक अलर्ट सिस्टम बनाए ताकि जनगणना करने वाले अधिकारी दिए गए इलाके से बाहर न जाएं।

सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम एक बड़े पैमाने पर डेमोग्राफिक सैंपल सर्वे है जो गांवों और शहरी ब्लॉकों के रैंडम सैंपल में किया जा रहा है। यह इस विचार पर आधारित है कि जन्म और मृत्यु को रिकॉर्ड करने के लिए सही मशीनरी और सभी लेवल पर सही पर्यवेक्षण के साथ, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जीवन दर का भरोसेमंद अनुमान लगाना संभव है।

### कोविड 19 की वजह से जनगणना 2021 टाल दी गई थी

बता दें कि, कोरोना महामारी फैलने की वजह से, जनगणना 2021 और दूसरी संबंधित फील्ड गतिविधियों को पहले गृह मंत्रालय ने टाल दिया था। गृह मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय और रजिस्ट्रार जनरल के ऑफिस ने सभी हितधारकों के इस्तेमाल के लिए लोकल गवर्नमेंट डायरेक्टरी पोर्टल के जरिए देश में एक जैसी, बिना गलती वाली और अप-टू-डेट क्षेत्राधिकार निर्देशिका बनाने के लिए मिलकर काम करने की पहल की थी।

# ऊंचाई पर रहने वालों में टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम, नई रिसर्च में बड़ा खुलासा

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



पहाड़ों पहाड़ों की ऊंचाई पर रहने वाले लोगों में समुद्र तल पर रहने वालों की तुलना में टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम पाया गया है। यह रुझान एंडीज, हिमालय और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में रहने वाली आबादी में देखा गया है। लंबे समय से वैज्ञानिक मानते रहे हैं कि कम ऑक्सीजन वाली पतली हवा शरीर के ऊर्जा उपयोग के तरीके को बदल देती है, लेकिन इसके पीछे का सटीक जैविक कारण अब तक स्पष्ट नहीं था। अब इस रहस्य से पर्दा उठाने का दावा किया गया है।

ग्लैडस्टोन इंस्टीट्यूट्स के शोधकर्ताओं द्वारा 19 फरवरी को सेल प्रेस की पत्रिका "सेल मेटाबॉलिज्म" में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि लाल रक्त कोशिकाएं, जिन्हें सामान्यतः केवल ऑक्सीजन ढोने वाला वाहक माना जाता था, कम ऑक्सीजन की स्थिति में खून से अधिक मात्रा में ग्लूकोज खींचने लगती हैं। इस तरह वे "ग्लूकोज सिंक" की तरह काम करती हैं। अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका ईशा जैन, जो यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन फ्रांसिस्को में बायोकैमिस्ट्री की प्रोफेसर भी हैं, ने कहा कि लाल रक्त कोशिकाएं ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म का एक ऐसा हिस्सा हैं, जिसे अब तक ठीक से समझा नहीं गया था। यह खोज ब्लड शुगर को नियंत्रित करने के नए रास्ते खोल सकती है।

शोध की शुरुआत उन प्रयोगों से हुई, जिनमें चूहों को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा गया। इन चूहों में ब्लड शुगर का स्तर सामान्य से कम पाया गया। भोजन के बाद भी उनके खून से शुगर तेजी से गायब हो जाती थी। जब वैज्ञानिकों ने लिवर, मांसपेशियों और दिमाग जैसे अंगों की जांच की तो यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि अतिरिक्त शुगर कहां जा रही है। उन्नत स्कैनिंग तकनीकों से पता चला कि लाल रक्त कोशिकाएं बड़ी मात्रा में ग्लूकोज सोख रही थीं। कम ऑक्सीजन की स्थिति में न केवल लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या बढ़ी, बल्कि प्रत्येक कोशिका ने सामान्य से अधिक ग्लूकोज का उपयोग किया। शोधकर्ताओं के अनुसार, यह अतिरिक्त शुगर ऑक्सीजन को शरीर के ऊतकों तक अधिक तेजी से पहुंचाने में मदद करती है।

यानी ये कोशिकाएं ग्लूकोज को ईंधन की तरह इस्तेमाल कर ऑक्सीजन आपूर्ति को बेहतर बनाती हैं, जिससे खून में शुगर का स्तर कम रहता है। भारत जैसे देश के लिए यह खोज खास मायने रखती है। इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की 2022 रिपोर्ट के अनुसार, 20 से 79 वर्ष आयु वर्ग के कम से कम 7.7 करोड़ भारतीय डायबिटीज से पीड़ित हैं और 2045 तक यह संख्या 13.42 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। डायबिटीज के इलाज पर हर साल अरबों डॉलर खर्च होते हैं और कई परिवारों की आय का बड़ा हिस्सा उपचार में चला जाता है। अध्ययन में एक नई दवा हाइपोक्सीस्टैट का भी परीक्षण किया गया, जो शरीर में कम ऑक्सीजन जैसी स्थिति पैदा करने के लिए विकसित की गई है। डायबिटीज से ग्रस्त चूहों में इस दवा ने उच्च ब्लड ग्लूकोज स्तर को उल्लेखनीय रूप से कम किया। कुछ मामलों में इसका प्रभाव पारंपरिक उपचारों से बेहतर पाया गया।

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



आपका आज का दिन शांति, ऊर्जा और सकारात्मक सोच से भरा हो यही कामना है। नई सुबह नई उम्मीदें लेकर आती है और हर दिन हमें खुद को बेहतर बनाने का एक और अवसर देती है। बीते कल की चिंताओं को पीछे छोड़कर आज को पूरे विश्वास और मुस्कान के साथ अपनाइए। जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करें, अपनों के साथ बिताया गया हर पल संजोएं और अपने लक्ष्य की ओर एक छोटा सा कदम जरूर बढ़ाएं। याद रखिए, सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन हर दिन की मेहनत उसे करीब जरूर लाती है। आज अपने मन को शांत रखें, विचारों को सकारात्मक दिशा दें और अपने काम में पूरी ईमानदारी रखें। जो मिला है उसके लिए आभार जताइए और जो पाना है उसके लिए निरंतर प्रयास करते रहिए। ईश्वर करे आज आपके प्रयास सफल हों।

**सोनिया छाबड़ा**
**मिशन स्माइल एनजीओ**

# दिल्ली में 75 सीएम श्री स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

## कक्षा 6, 9 और 11 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू, 12 मार्च तक ऑनलाइन होगा रजिस्ट्रेशन

समर न्यूज़ | नई दिल्ली




राजधानी में संचालित 75 सीएम श्री स्कूलों में कक्षा 6, 9 और 11 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई। शिक्षा निदेशालय ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि इच्छुक छात्र 12 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

पूरा आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से ही पूरी होगी। अभिभावकों और विद्यार्थियों को आधिकारिक वेबसाइट www.edudel.nic.in पर जाकर आवेदन करना होगा। इसके लिए ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया 27 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च की रात तक जारी रहेगी। विभाग ने कहा कि समय सीमा के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा, इसलिए अभ्यर्थी समय रहते प्रक्रिया पूरी कर लें।

**▪ 6, 9 और 11वीं में होंगे प्रवेश**

इस वर्ष कुल 75 सीएम श्री स्कूलों में कक्षा 6, 9 और 11 में प्रवेश दिया जाएगा।

शिक्षा विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, केवल दिल्ली के निवासी विद्यार्थी ही इन स्कूलों में आवेदन करने के पात्र होंगे। कक्षा 6 के छात्र आवेदन पत्र में दो स्कूलों का विकल्प चुन सकेंगे, जबकि कक्षा 9 और 11 के छात्र तीन स्कूलों का चयन कर सकेंगे। हालांकि, एक बार स्कूल आवंटित हो जाने के बाद ट्रांसफर की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### प्रवेश परीक्षा और OMR आधारित टेस्ट

शिक्षा विभाग ने कहा कक्षा 6 और 9 के लिए प्रवेश परीक्षा मार्च के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। वहीं कक्षा 11 की परीक्षा मई 2026 में होने की संभावना है। यह परीक्षा OMR शीट आधारित होगी। कक्षा 6 के लिए 300 अंकों के कुल 75 प्रश्न पूछे जाएंगे, जबकि कक्षा 9 और 11 के लिए 400 अंकों के कुल 100 प्रश्न होंगे। परीक्षा के आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार छात्रों को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। कक्षा 6 और 9 में प्रवेश की पूरी प्रक्रिया 30 अप्रैलस, 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। चयनित छात्रों को निर्धारित समय में दस्तावेज सत्यापन और अन्य औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।

### सीटों में आरक्षण और मेरिट का आधार

दाखिले के लिए सीटों का बंटवारा भी निर्धारित किया गया है। उपलब्ध कुल सीटों में से 50 प्रतिशत सीटें सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए आरक्षित होंगी। बाकी बचे 50 प्रतिशत सीटों पर निजी स्कूलों के छात्र भी मेरिट के आधार पर प्रवेश पा सकेंगे। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6, 9 और 11 में आवेदन करने वाले छात्रों के लिए मिनिमम क्वालिफिकेशन भी तय की गई है। सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को कम से कम 25 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा, जबकि आरक्षित वर्ग के छात्रों को 5 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। प्रवेश पूरी तरह मेरिट के आधार पर होगा।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए हर साल 1.15 करोड़ किशोरियों को मुफ्त वैक्सीन, एकल डोज शेड्यूल लागू

# 14 साल की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू करेगा भारत

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत सरकार 14 वर्ष की लड़कियों के लिए देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस विशेष कार्यक्रम के तहत हर साल 14 वर्ष की आयु पूरी करने वाली लगभग 1.15 करोड़ लड़कियों को शामिल किया जाएगा। यह अभियान सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम से अलग एक विशेष पहल के रूप में संचालित होगा और सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से स्वैच्छिक एवं मुफ्त टीकाकरण उपलब्ध कराया जाएगा। यह निर्णय केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण को बढ़ावा देने की घोषणा के बाद लिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अधिकतम लाभ को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य आयु को विशेष रूप से 14 वर्ष तय किया गया है।

**सर्वाइकल कैंसरः गंभीर स्वास्थ्य चुनौती**

सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश में हर वर्ष लगभग 80,000 नए मामले सामने आते हैं और 42,000 से अधिक महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी से हो जाती है। यानी औसतन हर आठ मिनट में एक महिला की जान जाती है। वैश्विक स्तर पर सर्वाइकल कैंसर के कुल मामलों में लगभग पांचवां हिस्सा भारत से आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे उन कैंसरों में शामिल किया है जिन्हें टीकाकरण और नियमित जांच से काफी हद तक रोका जा सकता है।

**एचपीवी क्या है और क्यों खतरनाक है**

एचपीवी एक सामान्य यौन संचारित संक्रमण है, जिसका सामना अधिकांश लोग जीवन में कभी न कभी करते हैं। ज्यादातर मामलों में शरीर एक-दो वर्ष में वायरस को स्वयं खत्म कर देता है। लेकिन उच्च जोखिम वाले प्रकारों का संक्रमण लंबे समय तक बना रहे तो यह सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकता है।



विशेष रूप से प्रकार 16 और 18 सर्विक्स में असामान्य कोशिका बदलाव उत्पन्न करते हैं, जो समय के साथ कैंसर में बदल सकते हैं। नई दिल्ली स्थित एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान की विशेषज्ञ डॉ. सीमा सिंघल के अनुसार, कम उम्र में टीकाकरण से प्री-कैंसर और कैंसर का खतरा 90 से 95 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

**कौन सी वैक्सीन और कैसे होगी व्यवस्था**

राष्ट्रीय कार्यक्रम में चार प्रकार के एचपीवी से सुरक्षा देने वाली वैक्सीन का उपयोग किया जाएगा। यह प्रकार 16 और 18 के साथ-साथ 6 और 11 से भी बचाव करती है, जो जेनिटल वाट्‌र्स का कारण बनते हैं। सरकार वैक्सीन एलायंस के माध्यम से लगभग 2.6 करोड़ डोज खरीद रही है, जिनमें से एक करोड़ से अधिक डोज पहले ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजी जा चुकी हैं। इस कार्यक्रम में एकल डोज शेड्यूल अपनाया गया है। वर्ष 2022 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने निष्कर्ष निकाला था कि 9 से 20 वर्ष की आयु के लिए एक डोज भी बहु-डोज के समान सुरक्षा प्रदान कर सकती है। यह वैक्सीन जीवित वायरस रहित, पुनः संयोजित तकनीक पर आधारित है और मांसपेशी में इंजेक्शन के रूप में दी जाती है।

**14 वर्ष की आयु क्यों चुनी गई**

विशेषज्ञों के अनुसार, यह उम्र आमतौर पर यौन सक्रियता से पहले की होती है, जिससे वायरस के संपर्क से पूर्व सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। साथ ही कम उम्र में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया अधिक मजबूत होती है।

**कैसे होगा पंजीकरण**

माता-पिता डिजिटल टीकाकरण मंच के माध्यम से पंजीकरण और अपॉइंटमेंट बुक कर सकेंगे। टीकाकरण आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र को 24 घंटे उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि किसी भी दुर्लभ दुष्प्रभाव का तत्काल उपचार संभव हो सके। इस पहल के साथ भारत उन 160 से अधिक देशों की सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने अपने राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीन को शामिल किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम देश में सर्वाइकल कैंसर के बोझ को उल्लेखनीय रूप से कम करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# दर्दनाक सड़क हादसा : पेड़ से टकराई पिकअप, तीन महिलाओं की हुई मौत

## शोक सभा में जा रहे थे, पिकअप में 15 से 16 लोग थे सवार. 12 से अधिक घायल, तीन की हालत गंभीर

समर न्यूज़ | भिवानी

जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत सहायता के लिए दौड़ पड़े। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। यह हादसा रविवार दोपहर करीब साढ़े 11 बजे नवा धिराणा गांव के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-13 और कालूवाला क्षेत्र के लोग एक छोटे हाथी (पिकअप वाहन) में सवार होकर गांव में शोक प्रकट करने जा रहे थे। जैसे ही वाहन धिराणा के पास पहुंचा, चालक



अचानक नियंत्रण खो बैठा और पिकअप सीधे सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन में सवार लोग बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी तेजवीर ने बताया कि छोटा हाथी उनके अन्य साथियों से आगे चल रहा था। नवा धिराणा ढाणी के पास अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और पेड़ से टकरा गया। वाहन में करीब 15-16 लोग सवार थे। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक मृतकों में तीनों महिलाएं भिवानी के गांव कलिंगा की रहने वाली थीं। इनमें मूर्ति (60) पत्नी रिषीराम, कृष्णा (65) पत्नी निवास और फूलवती (62) पत्नी रामकुमार शामिल हैं। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। घटना की सूचना घायलों के साथियों ने डायल 112 और एंबुलेंस सेवा को दी। हालांकि एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ही घायलों को पिकअप वाहन के जरिए अस्पताल पहुंचा दिया गया। सिविल अस्पताल के डॉक्टर मनीष श्योराण ने बताया कि कुल 15-16 घायलों को लाया गया था, जिनमें से तीन की पहले ही मौत हो चुकी थी। तीन अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है और उनकी सिर व सीने की चोटों की जांच के लिए सीटी स्कैन कराया जा रहा है। अन्य घायलों का इलाज जारी है।

## बोर्ड परीक्षा के दौरान आंसर की मिलने से मचा हड़कंप

समर न्यूज़ | जींद

जिले के झमौला गांव स्थित निजी स्कूल पीएसपीएम में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर 10वीं कक्षा की हिंदी परीक्षा के दौरान अनियमितता का मामला सामने आया। जांच के दौरान स्कूल के चपरासी सुरेंद्र के मोबाइल फोन में प्रश्न पत्र की आंसर की मिलने से प्रशासन में हड़कंप मच गया। बताया गया कि मोबाइल में हिंदी के प्रश्न पत्र के कोड 'डी' के उत्तर पाए गए। मामले की जानकारी मिलने पर केंद्र अधीक्षक राममेहर ने तुरंत चपरासी सुरेंद्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद शिक्षा बोर्ड ने सख्त कदम उठाते हुए इस परीक्षा केंद्र की हिंदी की परीक्षा रद्द कर दी। साथ ही परीक्षा केंद्र को झमौला से बदलकर जुलाना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग ने नियमों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए संबंधित निजी स्कूल पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और स्कूल को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

# हेड कॉन्स्टेबल सुनील संधू बर्खास्त

## सोशल मीडिया से जांच प्रभावित करने का आरोप

समर न्यूज़ | कैथल

हरियाणा के कैथल जिले में पुलिस विभाग ने अनुशासनहीनता और विभागीय नियमों के उल्लंघन के मामले में हेड कॉन्स्टेबल सुनील संधू को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। पुलिस अधीक्षक उपासना ने यह कार्रवाई करते हुए कहा कि संधू पर चल रही विभागीय जांच को प्रभावित करने, इंटरनेट मीडिया का दुरुपयोग करने और एनडीपीएस एक्ट से जुड़े नियमों के उल्लंघन के आरोप साबित हुए हैं।

जानकारी के अनुसार सुनील संधू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर विभागीय जांच को प्रभावित करने की कोशिश की और अपने वरिष्ठ अधिकारियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया। आरोप है कि उसने इंटरनेट मीडिया पर व्यूअर्स और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए पुलिस वर्दी का भी



दुरुपयोग किया, जो विभागीय आचार संहिता के खिलाफ है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पहले उसे लाइन हाजिर किया गया था। इसके बाद मामले की विस्तृत जांच की गई और सामने आए तथ्यों के आधार पर उसे नौकरी से बर्खास्त करने का फैसला लिया गया।

एसपी उपासना ने बताया कि सुनील संधू नशा विरोधी जागरूकता टीम का सदस्य था। उसके खिलाफ शिकायत मिलने के बाद विभागीय जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान यह पाया गया कि उसने सोशल मीडिया के माध्यम से विभाग की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की और चल रही जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया।

बताया जा रहा है कि हेड कॉन्स्टेबल सुनील संधू पिछले तीन दिनों से एक निजी अस्पताल में भर्ती है। गौरतलब है कि संधू ने डीएसपी ललित पर उसे नशा तस्करी के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस का कहना है कि अगर उसे कोई शिकायत थी तो वह इसे एसपी, आईजी या डीजीपी स्तर पर आधिकारिक रूप से दर्ज करा सकता था, लेकिन उसने मामला सोशल मीडिया पर सार्वजनिक कर दिया। फिलहाल पुलिस विभाग ने पूरे मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

# फरीदाबाद में टैंक में मिला ढाई साल के बच्चे का शव



समर न्यूज़ | फरीदाबाद

सैनिक कॉलोनी में एक दर्दनाक हादसे में पानी के टैंक में डूबने से ढाई साल के मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार सैनिक कॉलोनी में किरायेदारों ने अपने इस्तेमाल के लिए एक पानी का टैंक बनाया हुआ था, जिसे प्लाई बोर्ड से ढक रखा था। बताया जा रहा है कि खेलते समय ढाई साल का बच्चा उस टैंक में गिर गया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान हरदीप के रूप में हुई है। उसके पिता राजू मजदूरी का काम करते हैं और परिवार के साथ इलाके में किराये के मकान में रहते हैं। जब बच्चे के माता-पिता काम से घर लौटे तो हरदीप घर पर नहीं मिला। इसके बाद परिवार और आसपास के लोगों ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। काफी देर तक खोजबीन करने के बाद बच्चे का शव घर के पास बने पानी के टैंक में मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सिरसा में जमीन विवाद ने लिया खूनी रूप, दो की हत्या

समर न्यूज़ | सिरसा

हरियाणा के सिरसा जिले के कालांवाली क्षेत्र के गांव खोखर में जमीनी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में गांव के पूर्व सरपंच झरमल सिंह और उनके भतीजे दलजीत की तेजधार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार झरमल सिंह और गांव के ही जसवंत सिंह के परिवार के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार सुबह झरमल सिंह अपने भतीजे दलजीत और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ जसवंत सिंह के घर पहुंचे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

आरोप है कि झगड़े के दौरान जसवंत सिंह के परिवार के लोगों ने झरमल सिंह और उनके भतीजे दलजीत पर



तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए कालांवाली के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

वहीं इस झड़प में दूसरे पक्ष के जसवंत सिंह, बिक्कर सिंह और मौती सिंह भी घायल बताए जा रहे हैं। तीनों को इलाज के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही कालांवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गायक मासूम शर्मा और पूर्व सरपंच के बीच विवाद खत्म

समर न्यूज़ | जींद

जिले के मुआना गांव में कार्यक्रम के दौरान गायक मासूम शर्मा और गांव के पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा के बीच स्टेज से उतारने को लेकर हुआ विवाद अब समाप्त हो गया है। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया। पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा ने बताया कि गायक मासूम शर्मा ने उन्हें फोन कर पूरे मामले को लेकर माफी मांग ली है। मासूम ने बातचीत के दौरान यह भी कहा कि वह जल्द ही व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलकर भी इस मुद्दे को समाप्त करेगा। राजेंद्र शर्मा के अनुसार ,मुआना गांव में परिवार के सदस्य एकत्रित हुए थे, जहां इस पूरे मामले पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मासूम शर्मा के भाई और धरमू ने पहले ही इस मामले में माफी मांग ली थी। इसके बाद मासूम शर्मा ने



भी फोन पर अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी। पूर्व सरपंच ने कहा कि परिवार के सदस्यों की सलाह और समझाइश के बाद इस विवाद को आपसी सहमति से खत्म करने का फैसला लिया गया। उनका कहना है कि यह एक पारिवारिक मामला था, जिसे आपसी बातचीत के जरिए सुलझा लिया गया है। राजेंद्र शर्मा ने यह भी बताया कि उन्होंने सरपंच एसोसिएशन के प्रधान से भी इस बारे में बातचीत कर ली है और उन्हें समझौते की जानकारी दे दी है। एसोसिएशन की ओर से भी यही कहा गया कि यह दोनों पक्षों का पारिवारिक मामला था और इसे आपसी सहमति से सुलझा लिया जाना बेहतर है।

# रेवाड़ी के मॉडल टाउन में गोदाम में लगी आग

## लाखों का नुकसान, दमकल विभाग ने एक घंटे बाद पाया आग पर काबू

समर न्यूज़ | रेवाड़ी

शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र में रविवार सुबह कपड़ों और जूतों के एक गोदाम में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें और धुआं उठता देख आसपास के दुकानदारों व लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार मॉडल टाउन स्थित एक शोरूम के पीछे कपड़ों और जूतों का गोदाम बनाया गया था। रविवार होने के कारण गोदाम बंद था। सुबह करीब 10 बजे राहगीरों ने गोदाम की पहली मंजिल से धुआं उठता देखा, जिसके बाद शोरूम मालिक को सूचना दी गई। इसके तुरंत बाद दमकल विभाग और पुलिस को घटना की




जानकारी दी गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। करीब एक घंटे तक चले प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक गोदाम में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था। शुरुआती अनुमान के मुताबिक आग से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# सातवां वेतन आयोग लागू करने की मांग हुई तेज

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर निगमों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को पूरी तरह लागू करने की मांग एक बार फिर तेज कर दी है। हरियाणा मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द फैसला नहीं लिया तो राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

प्रदेशाध्यक्ष हितेंद्र सिहाग, महासचिव जगमिंदर सिंह और महिला सब कमेटी संयोजक मुकेश खरब ने संयुक्त बयान में कहा कि वर्ष 2014 के चुनावी संकल्प और 25 अगस्त 2014 को लिए गए कैबिनेट निर्णय के अनुसार मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों के वेतनमान तय किए जाने चाहिए। संगठन के अनुसार प्रस्तावित वेतनमान



में लिपिक का मूल वेतन 35,400 रुपये, सीनियर डाटा एंट्री ऑपरेटर का 39,900 रुपये, सहायक और स्टेनोग्राफर का 44,900 रुपये, उपाधीक्षक का 47,600 रुपये तथा अधीक्षक का 56,100 रुपये किया जाना चाहिए।

कर्मचारी नेताओं का आरोप है कि पिछले लगभग 12 वर्षों से मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उनका कहना है कि इस अवधि में विधायकों और जनप्रतिनिधियों के वेतन व भत्तों में कई बार वृद्धि हुई, लेकिन कर्मचारियों की मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया। बढ़ती महंगाई के कारण परिवार का खर्च चलाना कठिन हो रहा है।

# ओवरलोड डंपर की टक्कर से महिला की मौत

## चालक वाहन छोड़कर हुआ फरार, पुलिस तलाश में जुटी

समर न्यूज़ | गुरुग्राम

शहर के चंदू गांव में रविवार सुबह तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर की टक्कर से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई।

हादसा उस समय हुआ जब महिला घर के सामने सड़क पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में कूड़ा डालने गई थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला दोनों वाहनों के बीच फंस गई और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

मृतका की पहचान चंदू गांव निवासी 31 वर्षीय पूनम रानी के रूप में हुई है। घटना के बाद डंपर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

मृतका के पति पवन कुमार की शिकायत पर राजेंद्र पार्क थाना पुलिस



ने मामला दर्ज किया है। पवन कुमार ने बताया कि गांव में कूड़ा उठाने के लिए सरपंच की ओर से एक मिनी ट्रैक्टर लगाया गया है, जिसे चालक सतीश कुमार चलाता है।

रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली गांव के पास सड़क किनारे खड़ी थी और उसकी पार्किंग लाइट भी जल रही थी। उसी दौरान पूनम रानी कूड़ा डालने के लिए ट्रैक्टर के पास खड़ी थीं। तभी गुरुग्राम से बादली की ओर जा रहा मिट्टी से भरा तेज रफ्तार डंपर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया।

हादसे में पूनम रानी दोनों वाहनों के बीच फंस गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक सतीश कुमार भी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डंपर को जब्त कर लिया है और उसके नंबर के आधार पर फरार चालक की तलाश की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुग्राम-बादली रोड पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे अक्सर हादसे होते रहते हैं।

दो दिनों में इस सड़क पर यह दूसरा हादसा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से यहां स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

**परियोजना** करनाल-दिल्ली और बावल-दिल्ली कॉरिडोर को पीआईबी की हरी झंडी

# नमो भारत कॉरिडोर की परियोजनाओं को मंजूरी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरियाणा में नमो भारत (रैपिड रेल) कॉरिडोर की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। इन परियोजनाओं के तहत करनाल से दिल्ली और बावल से दिल्ली तक रैपिड रेल कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद अब इन प्रस्तावों को अंतिम स्वीकृति के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा। कैबिनेट से हरी झंडी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार काम शुरू होने के बाद करीब चार साल के भीतर दोनों कॉरिडोर का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के बीच आवागमन काफी तेज और सुविधाजनक हो जाएगा।



करनाल से दिल्ली तक प्रस्तावित रैपिड रेल कॉरिडोर की लंबाई लगभग 136 किलोमीटर होगी। इस परियोजना पर करीब 33,051 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है, जिसमें हरियाणा सरकार की हिस्सेदारी लगभग 7,472 करोड़ रुपये रहेगी। इस कॉरिडोर के बनने से करनाल से दिल्ली का सफर करीब 90 मिनट में पूरा हो सकेगा। इस मार्ग पर करनाल, पानीपत, मुरथल, कुंडली होते हुए दिल्ली तक रैपिड रेल चलेगी। अभी तक इस रूट पर 17 स्टेशनों के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है।

दूसरी परियोजना के तहत बावल से दिल्ली तक लगभग 93 किलोमीटर लंबा रैपिड रेल कॉरिडोर बनाया जाएगा। इस पर करीब 32,327 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है, जिसमें हरियाणा सरकार करीब 6,957 करोड़ रुपये का योगदान देगी। इस मार्ग पर बावल से रेवाड़ी, धारूहेड़ा, पंचगांव, मानेसर और गुरुग्राम होते हुए दिल्ली तक तेज यात्रा सुविधा मिलेगी। इस परियोजना में अभी तक 13 स्टेशनों की योजना बनाई गई है। हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक चंद्रशेखर खरे ने बताया कि दोनों परियोजनाओं की डीपीआर को पीआईबी से मंजूरी मिल चुकी है और अब इन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष अंतिम स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। वहीं, नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ने भविष्य में इस नेटवर्क के विस्तार की भी योजना बनाई है। प्रस्तावित विस्तार के तहत दिल्ली से फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और पलवल तक कॉरिडोर बढ़ाने के साथ-साथ दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक मार्ग को भी रैपिड रेल नेटवर्क से जोड़ने की योजना तैयार की जा रही है। इससे हरियाणा के कई और शहरों को तेज और आधुनिक परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

# चंदावली गांव में जनसेवा कार्यालय का शुभारंभ

## ग्रामीणों की समस्याएं प्राथमिकता से होंगी हल: राजेश नागर

समर न्यूज़ | फरीदाबाद

तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चंदावली गांव में मनोनीत पार्षद जसवंत सैनी द्वारा जनसेवा कार्यालय का शुभारंभ और होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उनका स्वागत पुष्पवर्षा, पगड़ी और पटका पहनाकर किया गया। इस अवसर पर फरीदाबाद की मेयर परवीन जोशी सहित गांव के कई गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद रहे।

होली मिलन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को गुजिया खिलाकर मुंह मीठा कराया गया और चंदन का तिलक लगाया गया। इसके साथ ही होली पर्व से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनका लोगों ने उत्साह के साथ आनंद लिया।



जनसेवा कार्यालय का उद्घाटन करते हुए राज्यमंत्री राजेश नागर ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और लोगों से चाइनीज रंगों का बहिष्कार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली जैसे पवित्र त्योहार को प्राकृतिक रंगों जैसे चंदन, गुलाब और फूलों से मनाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाने के संदेश का भी उल्लेख किया।

राजेश नागर ने कहा कि चंदावली गांव के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि ग्रामीण अपनी समस्याएं मनोनीत पार्षद जसवंत सैनी के माध्यम से उनके पास पहुंचाते हैं तो उनका समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, जिसे बिना किसी भेदभाव के मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने मनोनीत पार्षद जसवंत सैनी की सराहना करते हुए कहा कि वे पहले भी पार्टी और जनहित के कार्यों में सक्रिय रहे हैं और अब जनसेवा कार्यालय खुलने से क्षेत्र के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

## घरेलू गैस का व्यावसायिक दुरुपयोग, 36 सिलेंडर जब्त

समर न्यूज़ | जींद

जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उपयोग किए जाने का मामला सामने आया है। चाय-नाश्ते की ठेलियों से लेकर मिठाई की दुकानों और छोटे होटल-रेस्टोरेंट तक में घरेलू सिलेंडरों से खाद्य सामग्री तैयार की जा रही है। नियमों के विपरीत हो रहा यह इस्तेमाल न केवल सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक है, बल्कि इससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। हाल ही में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से चलाए गए विशेष अभियान के दौरान इस अनियमितता का खुलासा हुआ। विभागीय टीम ने कार्रवाई करते हुए रेलवे रोड क्षेत्र से छह घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए। इसके अलावा बेरली, कोसली और नांगल मूंदी क्षेत्र में जांच के दौरान 30 सिलेंडर और पकड़े गए। इस तरह दो दिनों की कार्रवाई में कुल 36 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए।

# कांगड़ा में जंगल से नर तेंदुए का शव मिला

## आपसी संघर्ष में मौत की आशंका

समर न्यूज़ | कांगड़ा

जिले की पटियालकड़ पंचायत के वन क्षेत्र में एक नर तेंदुए का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना नयना देवी मंदिर से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित जंगल की है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार एक स्थानीय निवासी ने जंगल में तेंदुए का शव पड़ा देखा और तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और सिहूंड से पशु चिकित्सक डॉ. हिमानी मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद तेंदुए का पोस्टमार्टम किया। प्रारंभिक जांच में तेंदुए की गर्दन पर गहरे घाव के निशान पाए गए हैं। पशु चिकित्सक डॉ. हिमानी के मुताबिक इन चोटों को देखते हुए अंदेशा जताया जा रहा है कि यह हमला किसी अन्य तेंदुए के साथ हुए क्षेत्रीय संघर्ष का परिणाम हो सकता है। माना जा रहा है कि लड़ाई के दौरान गंभीर रूप से घायल होने के कारण तेंदुए की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले की सूचना नियमानुसार पुलिस को भी दे दी गई है। विभाग अब इस बात की जांच कर रहा है कि आसपास के क्षेत्र में किसी अन्य तेंदुए की मौजूदगी तो नहीं है, जिससे ग्रामीणों को कोई खतरा हो सकता है। फिलहाल पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और तेंदुए के शव का निस्तारण वन विभाग के नियमों के अनुसार किया जाएगा। वन विभाग की टीम आसपास के जंगलों में भी निगरानी बढ़ा रही है ताकि वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

# फागली उत्सव से लौट रही बोलेरो खाई में गिरी; दो युवकों की मौत, तीन घायल

## जाणा वॉटरफॉल के पास सुबह साढ़े तीन बजे हुआ हादसा

समर न्यूज़ | कुल्लू



जिला में रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा जाणा गांव के पास स्थित जाणा वॉटरफॉल के समीप करीब साढ़े तीन बजे हुआ। पुलिस के अनुसार, बोलेरो कैंपर में सवार पांच युवक फागली उत्सव में देवता के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। तभी जाणा बस स्टैंड से लगभग 250 मीटर आगे वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया। गाड़ी पहले पहाड़ी से टकराई और फिर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना की पुष्टि मदन लाल कौशल, पुलिस अधीक्षक कुल्लू ने की है। घायल युवक विवेक (20), निवासी कोटाधार, ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वे सभी शनिवार को फागली उत्सव में शामिल होने जाणा गांव आए थे। देर रात लौटते समय वॉटरफॉल के पास अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और यह हादसा हो गया। इस दुर्घटना में बोलेरो चालक 20 वर्षीय अविनाश और सोनम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विवेक, हेमराज और विजय गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए कुल्लू अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मृतक अविनाश के पैतृक गांव सौर (डाकघर कराड़सू) और विवेक के गांव कोटाधार में हादसे के बाद शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना प्रतीत हो रहा है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है और सभी तथ्यों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है।

# कुल्लू में ईडी अधिकारी बनकर ठगी की कोशिश

## 25 लाख की मांग की

समर न्यूज़ | कुल्लू

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के भुंतर क्षेत्र में खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर ठगी और अपहरण का प्रयास करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना आईटीआई शमशी के पास हुई, जहां काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने एक स्थानीय व्यक्ति की गाड़ी को जबरन रोकने की कोशिश की। इस संबंध में अश्वनी कुमार पुत्र स्व. धनी राम, निवासी गांव व डाकघर शमशी, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू ने भुंतर थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के मुताबिक स्कॉर्पियो गाड़ी पर 'भारत सरकार' लिखा हुआ था और उसमें सवार तीन लोगों ने खुद को दिल्ली से आए ईडी अधिकारी बताया।

शिकायत के अनुसार आरोपियों ने कर्मचारियों को धमकाते हुए कहा कि 24 घंटे के भीतर 20 से 25 लाख रुपये लेकर दिल्ली पहुंचो, अन्यथा उनके क्रशर को सील कर दिया जाएगा और मालिक को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। आरोप है कि आरोपियों ने गाड़ी को जबरन रोकने और अपहरण करने की भी कोशिश की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भुंतर थाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने आरोपियों की पहचान और संदिग्ध वाहन का पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# विधायकों की प्राथमिकता योजनाओं में बड़ा बदलाव

समर न्यूज़ | शिमला




हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्तीय संसाधनों की सीमित उपलब्धता को देखते हुए विधायक प्राथमिकता योजनाओं के नियमों में बदलाव किया है। नए प्रावधान के अनुसार अब राज्य के विधायक आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपनी प्राथमिकता सूची में केवल एक ही नई योजना प्रस्तावित कर सकेंगे।

सरकारी निर्देशों के मुताबिक वास्तविक नई योजना (आरएनई) के तहत विधायक सड़क या पुल, लघु सिंचाई, ग्रामीण पेयजल अथवा सीवरेज से संबंधित योजनाओं में से केवल एक परियोजना को ही प्राथमिकता में शामिल कर पाएंगे। पहले विधायक इन क्षेत्रों में दो-दो नई योजनाएं प्रस्तावित कर सकते थे, लेकिन अब इन्हें घटाकर एक तक सीमित कर दिया गया है।

इसके साथ ही विधायकों को अन्य चार प्राथमिकताएं पहले से चल रही योजनाओं के मरम्मत और रखरखाव के लिए देनी होंगी। इनमें सड़कों या पुलों की मरम्मत, लघु सिंचाई परियोजनाओं का रखरखाव, ग्रामीण पेयजल और सीवरेज व्यवस्था से जुड़े कार्य तथा सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के रखरखाव से संबंधित योजनाएं शामिल रहेंगी। सरकार के इस फैसले को प्रदेश की आर्थिक स्थिति से जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि सीमित बजट के चलते नई परियोजनाओं की संख्या कम की गई है ताकि पहले से चल रही योजनाओं को पूरा करने और उनके रखरखाव पर अधिक ध्यान दिया जा सके। हालांकि कुछ जनप्रतिनिधियों का मानना है कि नई योजनाओं की संख्या घटने से विकास कार्यों की गति प्रभावित हो सकती है। योजना सलाहकार डॉ. बसु सूद की ओर से इस संबंध में सभी विधायकों को पत्र जारी कर दिया गया है। विधायकों को अपनी प्राथमिकताएं 10 मार्च तक निर्धारित प्रारूप में अपलोड करनी होंगी। वे अपनी योजनाएं डाक या ई-मेल के माध्यम से भी भेज सकते हैं। इन प्रस्तावों को वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र फिलहाल स्थगित है और इसका दूसरा चरण 18 मार्च से शुरू होगा।

# यानदे गंग ग्लेशियर का हिस्सा टूटा चंद्रा नदी तक पहुंचा हिमस्खलन

समर न्यूज़ | लाहौल

हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में एक बड़ा हिमस्खलन हुआ, जब पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला की ऊंची चोटी पर स्थित यानदे गंग ग्लेशियर का एक हिस्सा अचानक टूटकर नीचे आ गिरा। टूटे हुए हिमखंडों का मलबा चंद्रा नदी तक पहुंच गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार गोंदला क्षेत्र के सामने स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने इस हिमनद का एक बड़ा हिस्सा करीब ढाई बजे टूटकर नीचे आया। हिमस्खलन के साथ उठे बर्फीले गुबार और तेज हवा का असर चंद्रा नदी के पार बसे रालिंग, खंगसर, जांगला और मूर्तिचा गांवों तक महसूस किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि एवलांच का मलबा सीधे नदी तक जा पहुंचा, जबकि बर्फीली हवा का प्रभाव दूर तक देखा गया। गोंदला पंचायत के प्रधान सूरज ठाकुर ने बताया कि घाटी में मौसम बदलने के दौरान इस तरह की घटनाएं सामान्य मानी जाती हैं। हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद तापमान में बढ़ोतरी के कारण ग्लेशियर का एक हिस्सा अस्थिर हो गया था, जिसके चलते यह हिमस्खलन हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार टूटते हिमखंडों के कारण घाटी के ग्लेशियर धीरे-धीरे सिकुड़ रहे हैं, जो भविष्य में चिंता का विषय बन सकता है। हालांकि इस बार कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार हिमाचल प्रदेश में फरवरी के महीने में सामान्य से 86 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। जहां सामान्य रूप से 101.8 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, वहीं इस बार केवल 14.7 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

# जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आई महिला

## 60 वर्षीय महिला की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

समर न्यूज़ | ऊना



हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में रविवार तड़के एक दर्दनाक रेल हादसे में करीब 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना पंजोआ कलां के पास हुई, जहां जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 4.30 बजे जनशताब्दी एक्सप्रेस अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान पंजोआ कलां के नजदीक रेलवे ट्रैक के किनारे पैदल चल रही महिला अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला ट्रेन के साथ करीब 100 मीटर तक घिसटती चली गई और घटनास्थल पर उसके शरीर के टुकड़े दूर-दूर तक बिखर गए। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस चौकी ऊना से मुख्य आरक्षी मोहिंद्र पाल सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। महिला की पहचान के लिए स्थानीय पंचायत प्रधान बलविंदर सिंह बिल्ला को भी बुलाया गया, लेकिन मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार महिला के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी पहचान हो सके। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ हो सकती है और भटकते हुए रेलवे ट्रैक के पास पहुंच गई होगी। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। साथ ही मृतका की पहचान के लिए आसपास के पुलिस थानों को सूचना दी गई है। मामले की जांच जारी है।

# मुख्यमंत्री के सचिव आशीष सिंहमार संभालेंगे सामान्य प्रशासन विभाग

समर न्यूज़ | शिमला



हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल के तहत मुख्यमंत्री के सचिव आईएएस अधिकारी आशीष सिंहमार को सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) का अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया है। यह जिम्मेदारी उन्हें आईएएस अधिकारी राजेश शर्मा के सेवानिवृत्त होने के बाद दी गई है। आशीष सिंहमार वर्तमान में मुख्यमंत्री के सचिव के साथ-साथ डिजिटल टेक्नोलॉजी से जुड़े कार्यों की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

इसके अलावा उनके पास सचिवालय सामान्य प्रशासन और सैनिक कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी पहले से है। अब सामान्य प्रशासन विभाग का कार्यभार मिलने से उनकी जिम्मेदारियां और बढ़ गई हैं। दरअसल, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव रहे आईएएस अधिकारी राजेश शर्मा शनिवार को 34 वर्षों की लंबी सरकारी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किए गए। अपने कार्यकाल के दौरान राजेश शर्मा ने कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दीं। वे समग्र शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना निदेशक, राज्यपाल के सचिव, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव और उद्योग निदेशक जैसे अहम पदों पर कार्य कर चुके हैं। राज्य में कुल करीब 282 कर्मचारी और अधिकारी भी सेवानिवृत्त हुए।

इनमें योजना सलाहकार डॉ. बसु सूद, अतिरिक्त सचिव गृह ऋतु राज, अतिरिक्त सचिव सैनिक कल्याण नीलम कौशिक और वरिष्ठ विशेष निजी सचिव सुभाष चौहान शामिल हैं। इसके अलावा अनुभाग अधिकारी रमेश कुमार, पवन कुमार तोमर, ओम प्रकाश शर्मा और सारिका गुप्ता के साथ-साथ लिपिक अजमत कुरैशी भी सेवानिवृत्त हुए।

# मांगों को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रदर्शन

## क्लस्टर सिस्टम की अधिसूचना वापस लेने की मांग, शिक्षकों ने सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

समर न्यूज़ | शिमला




हिमाचल प्रदेश में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को शिमला के चौड़ा मैदान में संघ की ओर से 'आग्रह रैली' का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी 21 शिक्षा खंडों से बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने शिक्षा विभाग की नई परिसर प्रणाली (क्लस्टर सिस्टम) की अधिसूचना को वापस लेने की मांग उठाई।

रैली के दौरान शिक्षकों ने आरोप लगाया कि 23 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचना के तहत प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण और संचालन प्रिंसिपल को सौंप दिया गया है, जो प्राथमिक शिक्षकों के हितों के खिलाफ है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्ष 1984 से प्राथमिक शिक्षा का अलग प्रशासनिक ढांचा कार्य कर रहा है और क्लस्टर प्रणाली के माध्यम से इसकी व्यवस्था संचालित होती रही है। संघ के अनुसार नई व्यवस्था लागू होने से शिक्षा व्यवस्था का केंद्रीकरण बढ़ जाएगा और इससे प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। शिक्षकों का कहना है कि यह निर्णय उन्हें दोहरी प्रशासनिक इकाइयों के अधीन करने जैसा है, जिससे भविष्य में प्राथमिक शिक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है। शिक्षक नेताओं ने बताया कि जेबीटी शिक्षकों ने इस मुद्दे को लेकर कई बार शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। मंत्री की ओर से शिक्षकों के हितों का ध्यान रखने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी। रैली के बाद शिक्षकों ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि अधिसूचना जल्द वापस नहीं ली गई तो पूरे हिमाचल प्रदेश में व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव हेम प्रकाश वर्मा, कैशियर विजय भीमटा सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन के पास बनेर खड्ड में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

## पुलिस ने जांच शुरू की

समर न्यूज़ | कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब कांगड़ा रेलवे स्टेशन के समीप बनेर खड्ड में एक व्यक्ति का शव मिला। खड्ड में शव दिखाई देने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से खड्ड में पड़े शव को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की।

फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा आसपास के गांवों और क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है ताकि मृतक की पहचान हो सके। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि व्यक्ति यहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। वहीं पुलिस इस मामले को लेकर हर पहलू से जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक की पहचान होते ही उसके परिजनों को सूचना दी जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है।

बदलाव

## भंजराड़ू में आईटीआई और दो इनडोर स्टेडियम का हुआ शिलान्यास

# चंबा में 16.84 करोड़ की परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

समर न्यूज़ | चंबा



केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को चंबा जिले के भंजराड़ू और सलूणी क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने भंजराड़ू में बनने वाले आईटीआई भवन और इनडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, जबकि सलूणी में भी एक इनडोर स्टेडियम की नींव रखी गई।

भंजराड़ू में लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से इनडोर स्टेडियम तथा करीब 9.84 करोड़ रुपये की लागत से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भवन का निर्माण किया जाएगा। ये दोनों परियोजनाएं प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत तैयार होंगी। इन योजनाओं के माध्यम से चुराह विधानसभा क्षेत्र को कुल 16.84 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है।

तीसा में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री के साथ कांगड़ा-चंबा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, प्रदेश हज कमेटी के चेयरमैन दिलदार अली भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

अपने संबोधन में किरेन रिजिजू ने कहा कि ऐतिहासिक पर्यटन स्थल डलहौजी को भविष्य में रेल संपर्क से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस विषय को रेल मंत्री के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि बेहतर रेल सुविधा मिलने से पर्यटन, व्यापार और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिल सके।

वंदे भारत ट्रेन के पठानकोट में ठहराव को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस विषय में जानकारी जुटाई जाएगी और यदि कोई तकनीकी या प्रशासनिक कारण सामने आते हैं तो उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

अपने दो दिवसीय चंबा दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने खजियार में स्थानीय पारंपरिक व्यंजन मक्की के सिड्डू और बिच्छू बूटी के साग का स्वाद भी चखा। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

# कैंसर टीकाकरण अभियान ऐतिहासिक कदमः जयराम

## जयराम ठाकुर जंजैहली में स्वास्थ्य शिविर में हुए शामिल

समर न्यूज़ | मंडी



सराज विधानसभा क्षेत्र के जंजैहली में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाग लिया। यह शिविर सेतु सोशल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आयोजित किया गया था, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय लोग स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे। जयराम ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करवाने का आग्रह करते हुए कहा कि समय-समय पर जांच करवाने से गंभीर बीमारियों के खतरे का समय रहते पता चलता है और उनसे निपटने की प्रभावी रणनीति बनाई जा सकती है। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान (एचपीवी) को ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए निःशुल्क टीकाकरण की पहल करोड़ों बेटियों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में मील का पत्थर है। जयराम ठाकुर ने बताया कि देश में हर वर्ष सर्वाइकल कैंसर के सवा लाख से अधिक मामले सामने आते हैं और लगभग 80 हजार महिलाओं की मृत्यु होती है, ऐसे में यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षा कवच साबित होगा। उन्होंने प्रदेशवासियों, विशेषकर माताओं और बहनों से अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण करवाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. साधना ठाकुर भी उपस्थित रहीं। जयराम ठाकुर ने दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए सेतु ट्रस्ट के सेवा भाव की भावुक शब्दों में सराहना की।

# सड़क हादसे में घायल बच्चियों को मेयर सौरभ जोशी ने पहुंचाया अस्पताल

### सेक्टर-26 के पास कैब दुर्घटनाग्रस्त; दो युवतियां हुई घायल, सेक्टर-16 जीएमसीएच में भर्ती

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



सड़क हादसे में कैब सवार दो लड़कियां घायल हो गईं। मौके से गुजर रहे चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने एंबुलेंस का इंतजार किए बिना अपनी गाड़ी से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक उपचार दिलवाया। दोनों घायल बच्चियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, मेयर किसी कार्यक्रम में जा रहे थे, तभी सेक्टर-26 स्थित स्ट्रॉबेरी स्कूल के पास एक कैब का गंभीर एक्सीडेंट हो गया। कैब को किसी अन्य वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में कैब सवार तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन दो छोटी बच्चियों की हालत नाजुक थी। हादसा देख मेयर सौरभ जोशी तुरंत अपनी कार से उतरे और मदद के लिए आगे आए। उन्होंने ड्राइवर से उसकी स्थिति के बारे में पूछा और आसपास मौजूद लोगों की सहायता से घायल बच्चियों को कार से बाहर निकाला।

इसके बाद दोनों को अपनी सरकारी गाड़ी की पिछली सीट पर बैठाकर सीधे जीएमसीएच-16 अस्पताल ले गए। उन्होंने स्वयं उनके परिजनों और पुलिस को भी घटना की सूचना दी।

अस्पताल पहुंचने पर मेयर ने तुरंत व्हीलचेयर और स्ट्रेचर मंगवाए। एक बच्ची को स्ट्रेचर पर लिटाया गया, जबकि दूसरी को व्हीलचेयर पर बैठाकर ओपीडी में ले जाया गया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। मेयर ने इस पूरी घटना के दो वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी साझा किए हैं। पहले वीडियो में हादसे के बाद का दृश्य और घायल बच्चियों को कार में बैठाकर अस्पताल ले जाते हुए दिखाया गया है। दूसरे वीडियो में अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू करवाने की प्रक्रिया दिखाई गई है।

मेयर सौरभ जोशी ने लोगों से अपील की कि ऐसे मामलों में आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें, ताकि समय रहते घायल व्यक्तियों की जान बचाई जा सके।

## सोशल मीडिया पर हथियार दिखाने वाले पर केस दर्ज

समर न्यूज़ | मोहाली

खरड़ सिटी थाने में एक युवक के खिलाफ सोशल मीडिया पर हथियार प्रदर्शित कर 'गन कल्चर' को बढ़ावा देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर एक आईडी बनाकर अपनी मर्सिडीज कार के साथ हाथ में रिवॉल्वर या पिस्टल लिए हुए तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवक सोशल मीडिया पर हथियार लहराकर 'गन कल्चर' को बढ़ावा दे रहा था, जो कानूनन अपराध है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करना दंडनीय है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि समाज में गलत संदेश न जाए और कानून व्यवस्था बनी रहे।

# ट्रक में लगी आग, सेना और दमकल ने पाया काबू

### चंडीमंदिर टोल प्लाजा के पास हादसा, घने धुएं से 2 से 3 किलोमीटर दूर तक दिखा गुबार

समर न्यूज़ | पंचकूला



चंडीमंदिर टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर बजरी से भरे एक ट्रक के टायरों में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मौके पर सेना की अग्निशमन टीम और पिंजौर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, चंडी मंदिर टोल प्लाजा क्षेत्र से एक ट्रक बजरी लेकर पंचकूला शहर की ओर आ रहा था। अचानक अधिक लोड के कारण टायर गर्म हो गए और उनमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घना धुआं आसमान में छा गया। धुएं का गुबार इतना अधिक था कि वह 2-3 किलोमीटर दूर से भी साफ दिखाई दे रहा था।

धुआं उठता देख सेना की दमकल टीम तुरंत हरकत में आई और अपनी गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया। इसी दौरान दमकल विभाग की गाड़ी भी घटनास्थल पर पहुंच गई और संयुक्त प्रयास से आग पर नियंत्रण पाया गया। एहतियात के तौर पर टोल प्लाजा की एंबुलेंस भी मौके पर मौजूद रही, ताकि किसी भी अनहोनी से निपटा जा सके। हालांकि आग लगने के दौरान ही ट्रक चालक वाहन से कूद गया था, जिससे उसकी जान बच गई। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और यातायात को डायवर्ट किया गया, ताकि दमकल की गाड़ियां रॉन्ग साइड से आसानी से घटनास्थल तक पहुंच सकें। चंडी मंदिर थाना पुलिस के एएसआई योगध्यान ने बताया कि आग बुझाने के बाद भी ट्रक को हटाया नहीं जा सका है, क्योंकि वाहन के ब्रेक पूरी तरह जाम हो गए हैं। पुलिस और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# होली पर 370 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

### 16 नाकों पर एल्कोसेंसर से होगी जांच, जिले में कुल 35 नाके लगाए जाएंगे

समर न्यूज़ | पंचकूला



रंगों के त्योहार होली को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने के लिए पंचकूला पुलिस प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है। जिला वासियों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है, ताकि त्यौहार की खुशियों में कोई खलल न पड़े। पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने सभी जिलावासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि वे दूसरों की भावनाओं और संवेदनशीलता का सम्मान करते हुए इस उत्सव को मनाएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग मचाने वाले या अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के साथ किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने जिले भर में करीब 370 पुलिसकर्मियों की तैनाती की है, जिनकी सीधी निगरानी एसीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। शहर के कोने-कोने पर नजर रखने के लिए 35 विशेष नाके लगाए गए हैं, जिनमें से 16 नाकों पर एल्कोसेंसर के जरिए जांच की जाएगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा चक्र को मजबूत करने के लिए 25 राइडर, 19 ईआरवी और 11 पीसीआर गाड़ियां लगातार गश्त पर रहेंगी। कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी थाना प्रभारियों और गश्ती दलों के बीच रीयल-टाइम तालमेल बिठाया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति पर तुरंत काबू पाया जा सके।

ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा पर जोर देते हुए डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि अक्सर होली पर शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण गंभीर हादसे होते हैं, जिससे परिवारों की खुशियां मातम में बदल जाती हैं। इसे रोकने के लिए यातायात पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर दहशत फैलाने वालों पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

## विकास का रोड मैप पेश कर रहे सुखबीर बादलःशर्मा

समर न्यूज़ | लालड़ू

शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा ने कहा है कि अकाली दल की कथनी व करनी एक समान है। अकाली दल प्रधान सुखबीर बादल द्वारा पंजाब बचाओ रैली के दौरान की जा रही घोषणाएं ही अकाली दल की आने वाली सरकार का रोड मैप है। एनके शर्मा ने डेराबस्सी विधानसभा हलके में होने वाली पंजाब बचाओ रैली के संबंध में लोगों को एकजुट करने के लिए आज से हंडेसरा सर्कल में प्रचार शुरू किया। शर्मा ने खेलण, रजापुर, मालण, अंटाला, सारंगपुर, हंडेसरा, नगला, मीरपुर, बरटाणा आदि गांवों में लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान भारी संख्या में लोग कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी छोडक़र अकाली दल में शामिल हुए। एन के शर्मा ने कहा कि अकाली दल द्वारा आयोजित की जा रही पंजाब बचाओ रैली के दौरान भारी जनसमर्थन मिल रहा है।

# महिला बीमा अधिकारी से ठगी

### पुलिस ने दुष्कर्म और ब्लैकमेल का मामला किया दर्ज

समर न्यूज़ | मोहाली

थाना खरड़ पुलिस ने महिला बीमा अधिकारी की शिकायत पर जयपुर निवासी एक वरिष्ठ बीमा अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी पर ठगी, ब्लैकमेल, छेड़छाड़ और दुष्कर्म के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पीड़िता खरड़ की एक कॉलोनी में रहती है और पंचकूला स्थित एक निजी बीमा कंपनी में अधिकारी पद पर कार्यरत है। महिला ने बताया कि जब वह पहले एक अन्य बीमा कंपनी में कार्यरत थी, तब उसके वरिष्ठ अधिकारी रवि शारस्वत और उनके सहयोगी अरविंद कुमार शर्मा ने उसे विश्वास में लिया। इसके बाद दोनों ने उसका आर्थिक और शारीरिक शोषण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी रवि शारस्वत के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सह-आरोपी अरविंद कुमार शर्मा की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पीड़िता के अनुसार नवंबर 2023 में उसकी माता के निधन के बाद उसे पैतृक संपत्ति मिली थी। रवि ने उसे संपत्ति बेचने से प्राप्त धनराशि को निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

**बीएच सीरीज नंबर दिलाने के बहाने कार अपने नाम करवाई**

जनवरी 2025 में नई कार खरीदने के दौरान आरोपी ने बीएच सीरीज नंबर दिलाने का झांसा देकर कार अपने नाम पर करवा ली। पुरानी कार 4.90 लाख रुपये में एक्सचेंज की गई और शेष 4.49 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से अदा किए गए। बाद में आरोपी ने उक्त कार को अपनी संपति बताते हुए महिला को कानूनी नोटिस भी भेज दिया। महिला का आरोप है कि आरोपी ने कई बार उस पर अपने पति को छोड़कर उससे शादी करने का दबाव बनाया। लगातार झांसा देने और मानसिक दबाव बनाने के बाद जब उसने इनकार किया तो उसे बदनाम करने और करियर बर्बाद करने की धमकियां दी गईं।

**मीटिंग के बहाने दुष्कर्म का आरोप**

शिकायत के अनुसार आरोपी एक बार खरड़ स्थित उसके घर पहुंचा और जबरन छेड़छाड़ की। इसके अलावा जयपुर और अन्य स्थानों पर मीटिंग के बहाने बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी देर रात अश्लील कॉल करता था, गाली-गलौज करता था और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी आरोपों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

## मोगा रैली से होगा सत्ता परिवर्तन का आगाजः सैनी

जसबीर सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़

हल्का डेराबस्सी के वरिष्ठ भाजपा नेता स. गुरदर्शन सिंह सैनी ने दावा किया है कि 14 मार्च को मोगा में होने वाली भाजपा की विशाल रैली पंजाब की सियासत में एक ऐतिहासिक मोड़ साबित होगी। आज अपने निवास स्थान पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के एक बड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने इस रैली की तैयारियों को लेकर रणनीति साझा की। श्री सैनी ने क्षेत्र के निवासियों और कार्यकर्ताओं से पुरजोर अपील की कि वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विचार सुनने के लिए भारी संख्या में मोगा पहुँचें। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब के सुनहरे भविष्य के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है और राज्य को दोबारा विकास की पटरी पर लाने के लिए पार्टी के पास एक ठोस रोडमैप तैयार है।

# डीसी ने बेटी बचाओ अभियान की तैयारियों की समीक्षा की

समर न्यूज़ | पंचकूला




उपायुक्त सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कैंप कार्यालय सेक्टर-1 में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत म्हारी बेटियां म्हारा गौरव विषय पर 1 मार्च से 8 मार्च 2026 तक आयोजित की जाने वाली सप्ताह व्यापी गतिविधियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। 1 मार्च से 8 मार्च तक जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के सहयोग से संरचित वीक-लॉन्ग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। बैठक में डीएलएसए, पुलिस उपायुक्त, पंचकूला; सिविल सर्जन, पंचकूला जिला शिक्षा अधिकारी, पंचकूला जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी, पंचकूला तथा राजकीय पॉलिटेक्निक, पंचकूला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने स्तर पर इन गतिविधियों का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करें तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को और अधिक प्रोत्साहित करते हुए अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता नेहरा, संरक्षण एवं निषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेचर कैंप में छात्रों ने सफलतापूर्वक की ट्रैकिंग

### ट्रैकिंग से युवाओं में बढ़ा आत्मविश्वास और टीम भावनाः नरेंद्र सिंह

समर न्यूज़ | पंचकूला




हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय नेचर कैंप थापली भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज विद्यार्थियों ने निर्धारित ट्रैकिंग गतिविधि को सफलतापूर्वक किया। इस ट्रैकिंग में पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के छात्र-छात्राओं सहित अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रकृति के निकट लाकर उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि ट्रैकिंग जैसी साहसिक गतिविधियां युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, कौशल विकास, खेल एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। नरेंद्र सिंह ने बताया कि नेचर कैंप थापली के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं और ट्रैकिंग सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझ रहे हैं। डेप्युटी रेंज ऑफिसर विजय नेहरा ने बताया की ट्रैकिंग के दौरान विद्यार्थियों ने प्राकृतिक पगडंडियों पर चलते हुए विभिन्न वनस्पतियों, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों ने प्रकृति के बीच बिताए समय को प्रेरणादायक बताते हुए इसे एक अविस्मरणीय अनुभव कहा।

# रिटायर्ड टीचर से 16.20 लाख रूपये की ठगी

समर न्यूज़ | पंचकूला

पंचकूला में रिटायर्ड टीचर के साथ 16.20 लाख का फ्रॉड किया गया। फ्रॉड होने के बाद टीचर ने पंचकूला साइबर थाना पुलिस को शिकायत देते हुए मामला दर्ज करवाया है। साइबर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पंचकूला के पिंजौर स्थित डीलक्स एनक्लेव निवासी चरण सिंह ने बताया कि वह फरवरी वर्ष 2025 में केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी भानु पंचकूला से टीचर के पद से रिटायर्ड हो चुका है। 7 जनवरी को वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान उसने फेसबुक पर एक्सिस बैंक के नाम से ब्लाक ट्रेडिंग से संबंधित एक विज्ञापन देखा। जिसमें ब्लॉक ट्रेडिंग करके अच्छा रिटर्न कमाने बारे दर्शाया गया था।




**मैराथन** | रन राइज रिपीट संदेश के साथ 42 किमी रेस 2 घंटे 17 मिनट में पूरी

# अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन का हुआ भव्य आयोजन

समर न्यूज़ | चंडीगढ़




रविवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहली और अब तक की सबसे बड़ी चंडीगढ़ मैराथन का आयोजन किया गया। यूटी खेल विभाग ने यूटी प्रशासन के सहयोग से इस मैराथन का सफल आयोजन कराया। मैराथन की शुरुआत और समापन सेक्टर-एक स्थित चंडीगढ़ क्लब से हुआ। इस आयोजन का संदेश 'रन, राइज, रिपीट' रखा गया।

निर्धारित रूट के अनुसार धावक पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से रॉक गार्डन, लेक क्लब, मटका चौक, ट्रांसपोर्ट लाइट, रोज गार्डन, पीजीआई गेट-3, लेजर वैली और सीएम हाउस से होते हुए वापस चंडीगढ़ क्लब पहुंची।प्रशासन की ओर से सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए थे तथा कई रूट डायवर्ट किए गए। मैराथन में कुल 1 करोड़ 16 लाख रुपये की इनामी राशि विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को प्रदान की गई। प्रतियोगिता चार श्रेणियों में आयोजित की गई—फुल मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी), 10 किमी और 5 किमी फन रन। 18 वर्ष से लेकर 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के धावकों ने इसमें भाग लिया, जबकि 5 किमी दौड़ फिटनेस जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की गई। खेल विभाग के अनुसार देश के विभिन्न राज्यों से करीब 3500 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। इसके अलावा 38 विदेशी धावकों ने भी इस मैराथन में भाग लिया। अलग-अलग इवेंट का फ्लैग ऑफ सुबह 4 बजे से 7 बजे के बीच किया गया। शहर में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि मैराथन में बड़ी संख्या में धावकों ने हिस्सा लिया। 42 किमी, 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी की दौड़ आयोजित की गई। 42 किमी की रेस 2 घंटे 17 मिनट के रिकॉर्ड समय में पूरी हुई, जबकि 21 किमी की रेस 1 घंटे 1 मिनट में समाप्त हुई। 3500 से अधिक प्रतिभागियों की भागीदारी इस आयोजन की सफलता को दर्शाती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और मीडिया का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक बच्चों को जोड़ने के लिए साइकिल मैराथन आयोजित करने की योजना भी बनाई जा रही है। साथ ही पंजाब को नशा मुक्त बनाने के प्रयासों पर भी जोर दिया गया, जिसमें पुलिस, शैक्षणिक संस्थानों, आम जनता और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी को अहम बताया गया।

# हिसार में फुटबॉल टीम की गाड़ी हादसे का शिकार

## टूर्नामेंट खेलने जा रहे 19 खिलाड़ी घायल, 7 की हालत गंभीर

समर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा के हिसार जिले के गांव चूली बागड़यान की फुटबॉल टीम शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गई, जिसमें 19 खिलाड़ी घायल हो गए और सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, खिलाड़ी सिरसा जिले के रानियां क्षेत्र के गांव हरिपुरा में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए टाटा मैजिक वाहन में रवाना हुए थे। फतेहाबाद जिले के गांव खाबड़ा के पास अचानक वाहन का टायर फट गया, जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया। गाड़ी पहले सड़क किनारे पेड़ से टकराई और फिर खेत में पलट गई। हादसे के समय वाहन में सभी 19 खिलाड़ी सवार थे और गाड़ी पलटते ही मौके




पर चीख-पुकार मच गई।

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने घायलों को वाहन से बाहर निकाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। सभी खिलाड़ियों को तुरंत भट्टू सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बिल्लू, विजय, मुकेश, दिनेश, हिमांशु, क्षितिज और सुनील की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अन्य 12 खिलाड़ियों—रोहताश, अमन, साबू, छोटू, आशीष, कुलदीप, अनुज, पंकज, भीम सिंह, राघव, विकास और ज्ञानेंद्र—को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सभी खिलाड़ियों की उम्र 15 से 35 वर्ष के बीच बताई गई है।

गांव चूली बागड़यान की यह टीम नियमित अभ्यास करती है और गांव के युवाओं द्वारा मिलकर बनाई गई है, जहां वरिष्ठ खिलाड़ी उन्हें प्रशिक्षण देते हैं। इस हादसे के कारण टीम टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकी। घटना की सूचना मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि विनोद बैनीवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खिलाड़ियों के परिजन अस्पताल पहुंच गए, जबकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची का व्यापक संशोधन

## 66 लाख नाम हटे, 60 लाख अंडर एडजुडिकेशन; चुनाव से पहले बड़ा फेरबदल

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की पोस्ट-एसआईआर मतदाता सूची प्रकाशित की, जिसमें बड़े पैमाने पर बदलाव के संकेत मिले हैं। नवंबर से शुरू हुई 116 दिन की प्रक्रिया के दौरान लगभग 66 लाख नाम हटाए जाने की बात सामने आई है, जबकि करीब 60.06 लाख मतदाताओं को 'अंडर एडजुडिकेशन' श्रेणी में रखा गया है। 4 नवंबर से बूथ स्तर अधिकारियों ने घर-घर जाकर फॉर्म वितरित किए थे। 16 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट रोल में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गई थी। मौत, पलायन, डुप्लिकेशन और पता न चल पाने जैसे कारणों से 58 लाख से अधिक नाम हटाए गए थे। बाद की सुनवाई और जांच में करीब 8 लाख और



नाम हटे, जिससे कुल संख्या लगभग 66 लाख तक पहुंच गई। ड्राफ्ट में शामिल 7.08 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 6.4 करोड़ को अब तक 'एप्रूव्ड' चिह्नित किया गया है। आयोग का कहना है कि 2002 के बाद यह पहली व्यापक संशोधन प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है। करीब 60 लाख मतदाताओं के फॉर्म में 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' पाए जाने के कारण उन्हें फिलहाल विचाराधीन रखा गया है और आने वाले हफ्तों में न्यायिक अधिकारी इन मामलों पर फैसला करेंगे। नए फॉर्म-6 के जरिए जुड़ाव और फॉर्म-7 पर आपत्तियों के बाद आंकड़ों में और बदलाव संभव है। अपडेटेड सूची की हार्ड कॉपी एसडीओ और बीडीओ कार्यालयों में लगाई गई, जहां बड़ी संख्या में लोग अपना स्टेटस जांचने पहुंचे, हालांकि सॉफ्ट कॉपी अभी आधिकारिक पोर्टल और मोबाइल ऐप पर उपलब्ध नहीं थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि नामों की कटौती का आंकड़ा 80 लाख तक जा सकता है। टीएमसी नेता तन्मय घोष ने इसे बंगालियों के खिलाफ उत्पीड़न बताया, जबकि बीजेपी नेता जगन्नाथ चटोपाध्याय ने कहा कि राजनीतिक दलों को प्रकाशित सूची के आधार पर चुनाव की तैयारी करनी चाहिए। 2021 के चुनाव में कई सीटें कुछ हजार वोटों से तय हुई थीं और नदिया, उत्तर 24 परगना जैसे जिलों में सीमावर्ती और जनसांख्यिकीय बदलाव अहम रहे हैं। जिला-वार आंकड़ों में नदिया में लगभग 2.73 लाख, बांकुड़ा में 1.18 लाख, उत्तर कोलकाता के सात विधानसभा क्षेत्रों में 4.07 लाख, अलीपुरद्वार में 1,02,835 और हुगली में 3,34,806 नाम हटाए जाने की जानकारी सामने आई है, जिससे चुनावी गणित पर व्यापक असर पड़ सकता है।

# लवलीना और निकहत की अगुवाई में 20 सदस्यीय भारतीय टीम मंगोलिया रवाना

एजेंसी | कोलकाता

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन 28 मार्च से 11 अप्रैल तक मंगोलिया में होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की 20 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ ने एक महीने तक चली गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला स्थित राष्ट्रीय शिविर में शामिल किया गया था। चयन नीति के तहत एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता का महत्व और बढ़ गया है।

महिला वर्ग में 75 किग्रा वर्ग की लवलीना टीम की कमान संभालेंगी।



हाल ही में स्पेन में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया (60 किग्रा) को भी टीम में जगह मिली है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) के साथ निकहत ज़रीन (51 किग्रा), अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक) भी भारतीय चुनौती को मजबूत करेंगी।

पुरुष वर्ग में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता सचिन (60 किग्रा) टीम की अगुवाई करेंगे। स्पेन में स्वर्ण जीतने वाले आकाश (75 किग्रा) के अलावा रजत पदक विजेता दीपक (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा) और कांस्य पदक विजेता जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (55 किग्रा) भी टीम का हिस्सा हैं। अन्य खिलाड़ियों में विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा), आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा), लोकेश (85 किग्रा), हर्ष चौधरी (90 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) शामिल हैं।

संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने विश्वास जताते हुए कहा कि एशियाई चैंपियनशिप कौशल और निरंतरता की कड़ी परीक्षा होती है तथा चयनित मुक्केबाजों ने बेहतरीन फॉर्म, अनुशासन और दबाव में प्रदर्शन की क्षमता दिखाई है। खिलाड़ियों का मूल्यांकन मुख्य कोच सैंटियागो नीवा (महिला) और सीए कुट्टप्पा (पुरुष) की देखरेख में किया गया। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने हाल ही में स्पेन में आयोजित बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

# केकमानोविच ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली टॉप-5 जीत दर्ज की

एजेंसी | मेक्सिको

मेक्सिको के अकापुल्को में आयोजित एबिएर्तो मेक्सिकनो टेलसेल में सर्बिया के मियोमिर केकमानोविच ने दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दुनिया में 84वें नंबर पर काबिज 26 वर्षीय केकमानोविच ने ढाई घंटे से अधिक चले इस मुकाबले में 2021 के चैंपियन ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी और निर्णायक टाई-ब्रेक में धैर्य बनाए रखते हुए अपने करियर की पहली टॉप-5 जीत दर्ज की। इससे पहले वह शीर्ष पांच खिलाड़ियों के खिलाफ अपने सभी 11 मुकाबले हार चुके थे। मैच के बाद उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल उनके लिए मुश्किल रहे, लेकिन अब चीजें उनके पक्ष में जाती दिख रही हैं। मुकाबले में उन्होंने आक्रामक खेल



और प्रभावी सर्विस का प्रदर्शन किया, जबकि ज्वेरेव बैकहैंड पर निरंतरता बनाए रखने में संघर्ष करते दिखे और 17 अनफोर्स्ड एरर कर बैठे। इस जीत के साथ केकमानोविच ने ज्वेरेव के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और अब उनका सामना फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, जिन्होंने राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया। अन्य मुकाबलों में पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो कोबोली ने डालिबोर स्वर्सिना को 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका अगला मुकाबला चीन के वू यिबिंग से होगा, जिन्होंने जापान के शो शिमाबुकुरो को 6-3, 7-6(4) से पराजित किया। वहीं अमेरिकी खिलाड़ी ब्रैंडन नाकाशिमा ने अपने ही देश के पैट्रिक किप्सन को 6-4, 6-4 से हराकर टूर-स्तर पर अपनी 100वीं हार्ड-कोर्ट जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि किप्सन ने पिछले दौर में दूसरे वरीय एलेक्स डी मिनौर को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।

# भारतीय महिला हॉकी की नई उम्मीद

## ज्योति सिंह का लक्ष्य – देश के लिए अलग पहचान और बड़ी उपलब्धियां

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी की उभरती 21 वर्षीय खिलाड़ी ज्योति सिंह ने स्पष्ट कहा है कि वह भारतीय हॉकी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। लंबी दूरी के अंतरराष्ट्रीय धावक की बेटी ज्योति का मानना है कि खेल उनके खून में रचा-बसा है। झांसी में जन्मी ज्योति ने बताया कि उनके पिता अंतरराष्ट्रीय एथलीट रहे हैं और बचपन से ही उन्हें खेल का माहौल मिला। वह अक्सर अपने पिता के साथ मैदान में दौड़ने और बैडमिंटन खेलने जाया करती थीं, जिससे खेल उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया। ज्योति ने महिला जूनियर विश्व कप में भारत की कप्तानी की और अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। पिछले वर्ष उन्होंने सीनियर टीम में पदार्पण किया और एफआईएच प्रो लीग के चार मुकाबलों में हिस्सा लिया। इस दौरान




भारत ने विश्व नंबर एक नीदरलैंड के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की, जिसे वह अपने करियर का अहम पड़ाव मानती हैं। ज्योति ने यह भी बताया कि उन्हें हॉकी खेलने की प्रेरणा अपनी चचेरी बहन से मिली, जो सीनियर अकादमी का हिस्सा थीं। गर्मियों की छुट्टियों में उनके साथ समय बिताते हुए उन्होंने भी हॉकी को अपना लक्ष्य बना लिया। अपने करियर को नई दिशा देने के लिए ज्योति मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित महिला हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण लेने पहुंचीं, जो उनके लिए निर्णायक कदम साबित हुआ। वह मानती हैं कि खेलों से जुड़े परिवार में जन्म लेना उनके लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि उनके माता-पिता उनके संघर्ष और मेहनत को भली-भांति समझते हैं। अब उनका लक्ष्य भारतीय हॉकी में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के लिए बड़ी उपलब्धियां हासिल करना है।

# जम्मू-कश्मीर ने पहली बार जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब

## कर्नाटक पर पहली पारी की बढ़त से बनी चैंपियन

एजेंसी | हुबली

हुबली के केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए फाइनल में जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। पारस डोगरा की अगुवाई वाली टीम ने आठ बार की चैंपियन कर्नाटक क्रिकेट टीम के खिलाफ फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहने के बावजूद पहली पारी में हासिल 291 रनों की विशाल बढ़त के आधार पर ट्रॉफी जीती। रणजी फाइनल में पहली बार पहुंची जम्मू-कश्मीर ने पूरे मैच में संयम और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। कर्नाटक की पहली पारी 293 रन पर सिमटी, जिसके जवाब में जम्मू-कश्मीर ने 584 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। दूसरी पारी में 342/4 का



स्कोर खड़ा कर बढ़त और मजबूत कर दी। परिणाम की संभावना कम देखते हुए दोनों कप्तानों ने मुकाबला समाप्त करने पर सहमति जताई और इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जीत पक्की हो गई। मैदान पर खिलाड़ियों ने ढोल की थाप पर जश्न मनाया, जबकि हेड कोच अजय भी इस खुशी में शामिल हुए। अंतिम दिन मैच देखने पहुंचे मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

इस जीत के नायक शुभम पुंडीर और आकिब नबी रहे। पहली पारी में शुभम पुंडीर के 121 रनों के शतक ने खिताबी जीत की मजबूत नींव रखी, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं तेज गेंदबाज आकिब नबी ने पूरे सत्र में 60 विकेट लेकर और फाइनल में सातवीं बार पांच विकेट झटकते हुए कर्नाटक की चुनौती को कमजोर किया। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का सम्मान मिला।

67 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अंडरडॉग से चैंपियन बनने तक का यह सफर जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए गर्व और प्रेरणा का ऐतिहासिक क्षण बन गया।

# हांगकांग में पहली बार होगा प्रतिष्ठित टूर्नामेंट

एजेंसी | हांगकांग

अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने घोषणा की है कि विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 17 से 21 जून के बीच हांगकांग में किया जाएगा। यह इस प्रतियोगिता का चौथा संस्करण होगा और पहली बार यह पूर्वी एशिया में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले यह टूर्नामेंट डसेलडॉर्फ (2023), अस्ताना (2024) और लंदन (2025) में हो चुका है। इस बार के आयोजन से शतरंज को एशियाई क्षेत्र में नया वैश्विक मंच मिलने की उम्मीद है। टूर्नामेंट में रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रारूप शामिल होंगे और नतीजे मैच प्वाइंट प्रणाली से तय किए जाएंगे। प्रत्येक टीम में कम से कम एक महिला खिलाड़ी और एक रिक्रिएशनल खिलाड़ी का होना अनिवार्य होगा, जिसकी क्लासिकल, रैपिड या ब्लिट्ज रेटिंग कभी 2000 एलो तक नहीं पहुंची हो। कॉरपोरेट और खेल जगत की कई प्रमुख टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेती हैं।

# मेसी फैन के कारण पिच पर गिरे, गिरने के बावजूद निर्णायक गोल

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

रिको के जुआन रामोन लौब्रिएल स्टेडियम में खेले गए दोस्ताना मैच में लियोनेल मेसी एक अति उत्साही फैन के कारण पिच पर गिर गए। मैच के दौरान एक शर्टलेस फैन सुरक्षा को तोड़कर सीधे मेसी की ओर दौड़ा और उन्हें गले लगाने की कोशिश की। सुरक्षा गार्ड ने फैन को रोकते समय गलती से मेसी को भी गिरा दिया, लेकिन मेसी तुरंत उठकर सामान्य स्थिति में लौट आए और उन्हें कोई चोट नहीं आई। यह फ्रेंडली मैच इंटर मियामी और इंडिपेंडिएंट डेल वैले के बीच हुआ, जो एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। मेसी ने हाफटाइम के बाद मैदान में वापसी की और 70वें मिनट में पेनल्टी गोल कर इंटर मियामी को 2-1 की जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। टीम का दूसरा गोल संतियागो मोरालेस ने किया। यह मैच पहले 13 फरवरी को होना तय



था, लेकिन मेसी की हल्की चोट के कारण स्थगित किया गया था। मैच के दौरान दो और फैन्स भी पिच पर आए; एक ने सेल्फी ली और दूसरा खिलाड़ी के करीब गया, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें तुरंत हटाया। मैच में जब-जब मेसी ने गेंद को टच किया, दर्शकों की ओर से जोरदार तालियों की गूंज सुनाई दी, जो उनके बेसब्री से प्रतीक्षित प्रदर्शन का संकेत था। इंटर मियामी ने इस सीजन की शुरुआत लॉस एंजेलिस एफसी के हाथों 0-3 की हार से की थी। अब टीम का ध्यान अगले सप्ताह Orlando City SC के खिलाफ होने वाले मैच पर केंद्रित है। मेसी की उपस्थिति मैदान पर टीम के प्रदर्शन और फैन्स के उत्साह दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

# क्रिस ट्रेमेन ने क्रिकेट को कहा अलविदा

## दुर्लभ कंधे की बीमारी के कारण ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज का समय से पहले संन्यास

एजेंसी | कोलकाता

ऑस्ट्रेलिया के 34 वर्षीय तेज गेंदबाज Chris Tremain ने दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल कंधे की समस्या के चलते अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। पिछले लगभग दो वर्षों से यह समस्या उन्हें नियमित रूप से गेंदबाजी करने से रोक रही थी। न्यू साउथ वेल्स के इस अनुभवी पेसर के 2025-26 सीजन के बाद संन्यास लेने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन चोट से उबरने में आ रही लगातार रुकावटों के कारण उन्हें तय समय से पहले ही अपने पेशेवर करियर को विराम देना पड़ा। अपने भावुक बयान में ट्रेमेन ने कहा कि क्रिकेट उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण और साथ ही सबसे संतोषजनक अनुभव रहा है। अलग-अलग टीमों का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद उनके भीतर प्रतिस्पर्धा और जीत की भावना हमेशा कायम




रही। उन्होंने परिवार, दोस्तों और सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि उनके समर्थन के बिना यह सफर संभव नहीं था और भले ही यह अध्याय समाप्त हो गया हो, लेकिन यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी।

ट्रेमेन ने 2012 में New South Wales cricket team के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया और लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन के दम पर 2016 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया। उस श्रृंखला में चार मैचों में सात विकेट लेकर उन्होंने अपनी क्षमता का परिचय दिया, हालांकि इसके बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में दोबारा मौका नहीं मिला। 2014 में उन्होंने न्यू साउथ वेल्स छोड़कर Victoria cricket team का रुख किया और छह वर्षों तक टीम के प्रमुख गेंदबाज रहे। इस दौरान उन्होंने टीम को तीन शेफील्ड शील्ड और एक वनडे कप खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा 2017-18 सत्र में शेफील्ड शील्ड प्लेयर ऑफ द ईयर भी चुने गए।

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 96 मैचों में 353 विकेट, 13 बार पांच विकेट और एक मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा उनके नाम दर्ज है। लिस्ट-ए में 57 और 52 टी20 मुकाबलों में 46 विकेट लेकर उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाई। बिग बैश लीग में Sydney Thunder और Melbourne Renegades का प्रतिनिधित्व करते हुए 49 मैचों में 41 विकेट लिए और 2018-19 में मेलबर्न रेनेगेड्स के ऐतिहासिक खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे।

# समर टी-20 क्रिकेट फाइनलः स्टेडियम में दर्शकों का उमड़ा जनसैलाब



































# जमालपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का धर्म सम्मेलन

## 11 कुंडीय यज्ञ में सात से अधिक मंदिरों की सहभागिता रही

दलजीत विक्की | समर न्यूज़
लुधियाना



जमालपुर कॉलोनी स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से सुखदेव नगर धर्म सम्मेलन आयोजन समिति के नेतृत्व में श्री विश्वनाथ मंदिर परिसर में विराट धर्म सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम मित्तल ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के सात से अधिक मंदिरों की सहभागिता रही, जिससे सामाजिक और धार्मिक समन्वय का सशक्त संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 11 कुंडीय यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 50 दंपति परिवारों ने यजमान के रूप में भाग लिया। यज्ञ की विधिवत पूर्णाहुति आर्य समाज फोकल प्वाइंट के शास्त्री जतिन एवं शास्त्री राजेंद्र प्रसाद द्वारा कराई गई। यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। द्वितीय चरण का शुभारंभ ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय भजनोपदेशिका विदुषी अंजलि आर्य ने अपने ओजस्वी संबोधन में धर्म, संस्कृति, गो सेवा, राष्ट्र चेतना और सनातन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने 'पंच परिवर्तन' के अंतर्गत परिवार सुदृढ़ीकरण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वबोध और नागरिक कर्तव्यों के पालन पर बल दिया। साथ ही संयुक्त परिवार व्यवस्था, पारिवारिक मूल्यों, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, जल-बिजली संरक्षण, प्लास्टिक उन्मूलन और वृक्षारोपण जैसे विषयों पर समाज को जागरूक किया। विशेष अतिथि के रूप में साध्वी कल्याण गिरी दीदी एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अशोक यादव उपस्थित रहे। बालिका तनिष्का और बालक मनन ने राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक कन्हैया प्रताप एवं विभाग संघचालक महेंद्र पाल जैन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सम्मेलन में लगभग 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें 320 पुरुष, 250 महिलाएं और 40 बच्चे शामिल रहे। आयोजन में भारतीय सांस्कृतिक विविधता और एकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

## पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया

# लुधियाना में लूट करने वाला प्रेमी जोड़ा गिरफ्तार

समर न्यूज़ |लुधियाना

लुधियाना जिले में रायकोट पुलिस ने चाकू की नोक पर स्कूटी लूटने वाले एक प्रेमी जोड़े को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी रायकोट में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। आरोपियों की पहचान जसविंदर सिंह उर्फ जस्सा (निवासी तलवंडी राय, रायकोट, वर्तमान निवासी गली नंबर 1, गुरु रामदास नगर, बरनाला) और गुरप्रीत कौर उर्फ प्रीति (निवासी जोहलां रोड, रायकोट) के रूप में हुई है। सिटी रायकोट के इंचार्ज गुरसेवक सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी प्रेमी-प्रेमिका हैं और लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने पैसों की जरूरत के चलते यह वारदात करने की बात स्वीकार की। पीड़ित युवक ने बयान दिया कि 3 फरवरी 2026 को वह अपनी स्कूटी पर गांव बस्सियां से सिलौनी रोड होते हुए रायकोट जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे जब वह न्यू ग्रीन सिटी के गेट को पार कर रायकोट में एक मोड़ पर पहुंचा, तभी दो अज्ञात लोग उसके सामने खड़े हो गए। युवक ने चाकू दिखाकर उसे धमकाया और थप्पड़ मारते हुए स्कूटी से उतार दिया। इस दौरान युवती ने स्कूटी पर बैठकर मौके से फरार होने की कोशिश की। आरोपी युवक ने पीड़ित का मोबाइल, जेब से आधार कार्ड और नकदी सहित पर्स छीन लिया। पीड़ित की माता परमजीत कौर ने अपनी स्तर पर जांच-पड़ताल की। इस दौरान उन्हें पता चला कि लूट करने वाले युवक का नाम जसविंदर सिंह और युवती का नाम गुरप्रीत कौर है। उन्होंने यह जानकारी पुलिस तक पहुंचाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि युवती कुछ दिन पहले भी अपनी स्कूटी पर रायकोट बस स्टैंड के पास देखी गई थी, जिससे संदिग्ध पहचान में मदद मिली। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और अन्य संभावित आरोपी या घटनाओं की छानबीन कर रही है। इस वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई जल्द पूरी करने का दावा किया गया है।

# शाही इमाम के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन

समर न्यूज़ |लुधियाना

लुधियाना की ऐतिहासिक जामा मस्जिद फील्ड गंज में दोपहर 3 बजे शाही इमाम पंजाब, मौलाना मुहम्मद उस्मान लुधियानवी के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का पुतला फूंका गया और ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए विशेष दुआ करवाई गई। शाही इमाम ने कहा कि इजरायल और अमेरिका का यह सरकारी आतंकवाद है और दुनिया इस दादागिरी के आगे खामोश है। उन्होंने कहा कि इंसाफ दिलाने वाले भी उनकी गुंडागर्दी के सामने बेबस हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने शांति के साथ अपना विरोध जताया।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 176